नई दिल्ली

शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 171
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 25.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,207.17 | 223.86 ▲ |
| निफ्टी | 24,894.25 | 57.95 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,20,600/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,50,000/- | 500/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.79 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 64.63 बैरल | 0.81% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






भारत के 15 विमान गिराने के पाक के दावे पर चुटकी लेते हुए बोले वायुसेना प्रमुख, अपनी जनता को खुश करने के लिए सुनाने दो 'मनोहर कहानियां'

# ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने मार गिराए पाकिस्तान के 4 से 5 एफ-16 विमानः एसीएम सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर शुक्रवार को वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने पाकिस्तान के संदर्भ में एक बहुत बड़ा खुलासा किया है। सबसे पहले उन्होंने ये स्पष्ट किया कि देश के इस महत्वपूर्ण सैन्य अभियान में भारत ने पाकिस्तान के 10 से 12 लड़ाकू विमान मार गिराए हैं। जिनमें 4 से 5 एफ-16 भी शामिल हैं। फिर पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा भारत के डेढ़ दर्जन (15) विमान गिराने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए उस पर चुटकी लेते हुए कहा कि ये सब 'मनोहर कहानियां' हैं। क्योंकि हममें से किसी ने ऐसी कोई तस्वीर नहीं देखी है। पाकिस्तान केवल अपनी आम-जनता को खुश करने के लिए ये सब कुछ कह रहा है।

इसलिए उसे ऐसा करने और कहने दो। बाकी मैं इसे लेकर और कुछ नहीं बोलूंगा। हां, इतना जरूर है कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी कार्रवाई को रोकने के लिए भारत से संघर्षविराम करने की गुहार लगाई ⏩ शेष पेज 5 पर

8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के पूर्व में राजधानी में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में बोले वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह



## तबाह हुए विमानों में जेएफ-17 शामिल

उन्होंने बताया कि देश का ये सैन्य अभियान अपने स्पष्ट उद्देश्य और उसे शीघ्र प्राप्त करने के लिए जाना जाएगा। भारतीय वायुसेना का सटीक और मारक हमला जिस वक्त हुआ। उस दौरान पाक के कई लड़ाकू विमान अपने तैनाती अड्डे के हैंगर में थे, उनकी मरम्मत का काम चल रहा था। जबकि कुछ विमान उड़ान भर रहे थे। तबाह हुए विमानों में पाकिस्तान के चीन में निर्मित जेएफ-17 विमान सहित दुश्मन के कई एयरफील्ड, रनवे, हैंगर, एक सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत-पाक के बीच लागू संघर्ष विराम

गौरतलब है कि इस साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के जवाब में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने 7 मई 2025 की मध्यरात्रि के बाद की गई अपनी कार्रवाई से पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया था। जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद ⏩ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दृष्टि आईएएस पर लगा 5 लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने डॉ. विकास दिव्यकीर्ति के नेतृत्व में चल रहे कोचिंग संस्थान दृष्टि आईएएस पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापनों के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। पीईबी की ओर से ये जानकारी दी गई है। इंस्टीट्यूट ने अपने विज्ञापन में 216+ चयन यूपीएससी सीएसई 2022' का दावा किया था, जिसमें सफल उम्मीदवारों के नाम और फोटो भी शामिल थे।

### वांगचुक की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची पत्नी



**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी गैर कानूनी है। उनकी तुरंत रिहाई होनी चाहिए। यह याचिका अनुच्छेद 32 के तहत डाली गई है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से सीधे हैबियस कॉर्पस की अपील की जाती है। वांगचुक को 24 सितंबर को लद्दाख में हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार किया गया था। और फिलहाल वे राजस्थान के जोधपुर जेल में बंद हैं।

अमेरिका पर भड़के रुसी राष्ट्रपति पुतिन ने खूब सुनाई खरी-खोटी, बोले

# भारत कभी ट्रंप के आगे नहीं झुकेगा...जहां तक टैरिफ की बात है तो रूस घाटा नहीं होने देगा

एजेंसी ⏭ सोची (मॉस्को)

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे। जब बात नहीं मानी तो टैरिफ लगा दिया। लेकिन मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि, भारत को रूस किसी भी सूरत में घाटा नहीं होने देगा। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुझाव देते हुए कहा कि ये बात उन्हे समझना चाहिए कि ऊंचे टैरिफ का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इससे सीधे-सीधे ऊर्जा के दाम बढ़ेंगे।

इसके चलते अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि जहां तक भारत का सवाल है तो किसी भी सूरत में अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा कोई फैसला नहीं लेते हैं जो भारत की संप्रभुता ⏩ शेष पेज 5 पर

**भारत और रूस मिलकर संतुलित व्यापार से आगे बढ़ेंगे**

**पुतिन ने पीएम मोदी की नीतियों को सराहा और उन्हें भरोसेमंद दोस्त बताया**

**टैरिफ लगाकर खुद को नुकसान पहुंचा रह रहा है अमेरिका**

दवाएं, कृषि उत्पाद खरीदकर भारत को मजबूत करेगा रूस



### अपने देश के बारे में सोचते हैं पीएम मोदी

पुतिन ने कहा, 'मेरा मानना है कि भारत के लोग इसे और हमारे संबंधों को नहीं भूलते। लगभग 15 साल पहले, हमने एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की थी। यही सबसे अच्छा वर्णन है। प्रधानमंत्री मोदी एक बहुत ही बुद्धिमान नेता हैं जो सबसे पहले अपने देश के बारे में सोचते हैं।

### हम हमला नहीं करेंगे... नाटो ने किया तो छोड़ेंगे नहीं

इसके साथ ही पुतिन ने नाटो देशों को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रूस से डरने की जरूरत नहीं है, वो हमला नहीं करेगा। नाटो ने हमला किया तो पूरी ताकत के साथ जवाब दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है। मैं उनसे यही कहूंगा कि उन्हें इस बात को भूलकर चैन से सोना चाहिए।

### रूस को कागजी शेर कहने वाले पर पलटवार

पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया है जिसके तहत ट्रंप ने पुतिन को ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत के नुकसान की भरपाई करेगा रूस

पुतिन ने कहा कि भारत में हर कोई यह बात अच्छी तरह जानता है। खासकर रूस से तेल आयात रोकने के अमेरिकी दबाव को नजरअंदाज करने के भारत के फैसले के बारे में। उन्होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ के कारण भारत को होने वाले नुकसान की भरपाई रूस से कच्चे तेल के आयात से हो जाएगी। साथ ही इससे भारत को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठा भी मिलेगी। पुतिन ने कहा कि व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए रूस भारत से और अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। उन्होंने रूस और भारत के बीच आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं का जिक्र किया, मगर इन अवसरों को पूरी तरह से खोलने के लिए विशिष्ट मुद्दों को सुलझाने की जरूरत को भी स्वीकार किया। पुतिन ने वित्तपोषण, रसद और भुगतान संबंधी बाधाओं को प्रमुख चिंताओं के रूप में चिन्हित करते हुए कहा कि हमें अपने अवसरों और संभावित लाभों को खोलने के लिए सभी तरह के कार्यों को हल करने की जरूरत है।

# पीओके में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शहबाज शरीफ की सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ बीते कुछ दिनों से जारी विरोध-प्रदर्शनों को लेकर शुक्रवार को भारत की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

जिसमें विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीओके में हो रहे मानवाधिकारों के भयावह उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। ये प्रदर्शन पाक की दमनकारी नीति, क्षेत्र में मौजूद संसाधनों की व्यवस्थित लूट और उसके रवैये का ही परिणाम हैं। रणधीर ने अपने जवाब में बताया कि भारत ने मामले के संबंध में कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं।

जिनकी मदद से यह जानकारी मिली है कि कैसे पाकिस्तान की सेना पीओके में बलपूर्वक कार्रवाई कर रही है? बताते चलें कि विरोध-प्रदर्शनों के बीच पाक सेना की बर्बरता में अब तक कुल करीब 10 लोग मारे जा चुके हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। पाक सरकार ने दिखावे के लिए एक आठ सदस्यीय समिति को ग्राउंड जीरो पर पड़ताल के लिए भेजा है। ⏩ शेष पेज 5 पर

बीते कुछ दिनों से पीओके में जारी विरोध-प्रदर्शनों को पाक सेना द्वारा बर्बरता से दबाए जाने को लेकर भारत की खरी-खरी



### अगले सप्ताह होगी मुत्ताकी की भारत यात्रा

ब्रीफिंग में जायसवाल ने कई अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिसमें तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह 9 अक्टूबर से अफगानिस्तान में तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत की यात्रा पर रहेंगे। यह 2021 में तालिबान द्वारा काबुल की सत्ता पर काबिज होने के बाद उनकी पहली भारत यात्रा होगी। वर्तमान में भारत की तालिबान की अंतरिम सरकार के साथ लगातार तमाम तरह की गतिविधियां जारी हैं। जिसमें कूटनीतिक ⏩ शेष पेज 5 पर

## भाजपा ने आदित्य साहू को बनाया झारखंड में पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड में पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। साहू वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राय का स्थान लेंगे। बाबूलाल मरांडी इसके पहले भाजपा के अध्यक्ष थे। पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त कर दिया था। इसके बाद भाजपा में 'एक व्यक्ति, एक पद, के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के सामने झारखंड में अपना आधार मजबूत करने की कड़ी चुनौती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पहले शिबू सोरेन और उसके बाद हेमंत सोरेन ⏩ शेष पेज 5 पर

**सतना में आज से दो दिन का प्रवास**

## मैहर में मां शारदा के दर्शन करेंगे आरएसएस प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार को मैहर और सतना के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। डॉ. भागवत सुबह 6 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे सतना जिले की उचेहरा तहसील के पतौरा गांव जाएंगे, जहां प्रांत प्रचारक बृजकांत चतुर्वेदी के आवास पर अल्प विश्राम और दोपहर का भोजन करेंगे। भोजन के बाद, वे सीधे सतना आकर उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में ठहरेंगे। यहां उनके रुकने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी दिन ⏩ शेष पेज 5 पर

## ज्ञानेश कुमार ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन आयोग की आंख और कान बताया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन आयोग की आंख और कान बताया। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यवेक्षक लोकतंत्र के प्रकाश स्तंभ हैं। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा के लिए आगामी आम चुनाव और कुछ राज्यों के उपचुनावों में केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के लिए एक संक्षिप्त बैठक आयोजित की। इस बैठक में 287 आईएएस अधिकारियों, 58 आईपीएस अधिकारियों और आईआरएस/आईआरएएस/आईसीएएस तथा अन्य सेवाओं के 80 ⏩ शेष पेज 5 पर

**टैरिफ पर सरकार का बड़ा बयान**

8% जीडीपी ग्रोथ और विकसित भारत का लक्ष्य तय, मूकदर्शक बना नहीं रह सकता भारत

## टैरिफ चुनौतियों से निपटने को तैयार भारतः वित्त मंत्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय निर्यात पर जब से अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है तब से अर्थव्यवस्था पर इसके असर को लेकर अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं। अब इस मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल का भारत की जीडीपी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच टैरिफ, वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया



आकार दे रहे हैं, जबकि भारत 8% जीडीपी ग्रोथ का लक्ष्य रखता है। भू-राजनीतिक संघर्षों के साथ ही बैन और टैरिफ जैसी कार्रवाइयों के चलते ग्लोबल सप्लाई चेन में जो बदलाव आ रहे हैं, उनके बीच भारत मूकदर्शक बना नहीं रह सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत को 8 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा।

नई दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के चौथे संस्करण में वित्त मंत्री ने भारत के दो अहम लक्ष्यों को लेकर कहा कि राष्ट्र का लक्ष्य 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा प्राप्त करना और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, हम अभूतपूर्व ⏩ शेष पेज 5 पर

**मंत्रियों ने विशेष रूप से ट्रैक स्लैब लेइंग कार और ट्रैक देखा**

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और जापान के मंत्री हिरोमासा नाकानो ने सूरत हाई-स्पीड रेल परियोजना स्थल का दौरा किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच हाई-स्पीड रेल परियोजना को लेकर रणनीतिक सहयोग को नई गति देते हुए रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव और जापान के भूमि, अवसंरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्री हिरोमासा नाकानो ने गुरुवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण कार्यों का सूरत में संयुक्त निरीक्षण किया। दोनों नेताओं ने सूरत पहुंचकर परियोजना स्थल का दौरा किया और वहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की समीक्षा की। दौरे की शुरुआत में नाकानो का पारंपरिक गरबा नृत्य के



साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों मंत्रियों ने परियोजना में उपयोग हो रही उन्नत जापानी तकनीकों, सुरक्षा मानकों और निर्माण की गति पर गहन चर्चा की। मंत्रियों ने विशेष रूप से ट्रैक स्लैब लेइंग कार और ट्रैक स्लैब एडजस्टमेंट सुविधा जैसी अत्याधुनिक मशीनों और तकनीकों का जायजा लिया, जो बुलेट ट्रेन के ट्रैक निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। वैष्णव और नाकानो ने निर्माण की गति और गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव लाएगी। निरीक्षण के बाद दोनों नेताओं ने वंदे भारत ट्रेन से सूरत से मुंबई तक की यात्रा भी ⏩ शेष पेज 5 पर

## आरोपी बच्चे की मां का है पूर्व लिव इन पार्टनर

# अगवा बच्चे को सुरक्षित बचाया मुख्य आरोपी समेत चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




विकासपुरी इलाके में अगवा हुये सात वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सुरक्षित बचा लिया है। अगवा करने वाला और कोई नहीं बल्कि पीड़ित बच्चे की मां का पूर्व लिव इन पार्टनर था। इसके तीन साथियों को भी अरेस्ट किया गया है। पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया कि बच्चे का अपहरण इसलिये किया था ताकि उसकी मां पर वापस लौटने का दबाव बना सके।

पुलिस ने बताया कि महिला की पूर्व में शादी हो चुकी थी और उसका एक बेटा है। उसका अपने पति से तलाक हो चुका है। तलाक के बाद महिला मुख्य आरोपी अजय वर्मा (24) के साथ हरियाणा के हांसी में रह रही थी। कुछ समय बाद वर्मा हर छोटी बड़ी बात पर टोकाटाकी करने लगा और उसका रवैया हिंसक हो गया। महिला ने उससे रिश्ता तोड़ दिया और दिल्ली में अपने माता-पिता के घर चली आई। मोबाइल मरम्मत का काम करने वाले वर्मा ने कथित तौर पर अपने साथियों के साथ मिलकर लड़के का अपहरण करने की साजिश रची ताकि वह महिला पर दोबारा साथ रहने के लिए दबाव डाल सके। उसके साथियों की पहचान एक टेंट हाउस में काम करने वाले 18 वर्षीय अमित, पीवीसी फैक्टरी में काम करने वाले 20 वर्षीय सचिन और सफाई कर्मचारी 20 वर्षीय अजय के रूप में हुई है। अमित और सचिन हरियाणा के हिसार के रहने वाले हैं, जबकि अजय दिल्ली के विकासपुरी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, बच्चे की मां ने 28 सितंबर को विकासपुरी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बेटा पिछले दिन स्कूल से घर नहीं लौटा। उसने संदेह जताया कि वर्मा ने उसका अपहरण कर लिया है। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने हांसी के एक खेत पर पहुंचकर वर्मा को उसके दो साथियों के साथ पकड़ा। बच्चा भी सुरक्षित रिहा करवा लिया गया। अजय को विकासपुरी से पकड़ा गया। इनके पास से एक पिस्तौल भी जब्त की गई है। सचिन के अलावा अन्य का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

### कृष्णानगर से अपहत बच्चा गुजरात से बरामद, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कृष्णा नगर से एक पड़ोसी द्वारा अपहृत तीन वर्षीय बच्चे को गुजरात के एक रेलवे स्टेशन से सकुशल छुड़ा लिया गया है। गुजरात रेलवे पुलिस के तालमेल से चलाए गए अंतरराज्यीय अभियान के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 15 सितंबर को एक मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें गांधी नगर निवासी एक महिला ने शिकायत की थी कि पड़ोसी सुधीर कुमार ठाकुर इलाज के बहाने उसके बेटे को धोखे से अपने साथ ले गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि ठाकुर से करीब दो महीने पहले उससे दोस्ती हुई थी और एक महीने पहले उसने शादी का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, उसने अपने बच्चे और छोटी बहनों की जिम्मेदारी का हवाला देते हुए ठाकुर के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। इस इंकार से नाराज आरोपी ने 14 सितंबर को बच्चे का अपहरण कर लिया। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने इलाके के 30 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। उसके 'कॉल डिटेल' से जानकारी मिली कि वह रेलमार्ग से बिहार जा रहा है। इसके बाद टीम बिहार के आरा भेजी गई, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदलता रहा। पुलिस को तब सफलता मिली जब शिकायतकर्ता सोशल मीडिया पर वीडियो कॉल के जरिए आरोपी से संपर्क करने में कामयाब रही। बातचीत के दौरान दिखा कि आरोपी सूरत रेलवे स्टेशन पर है। इस सुराग के आधार पर एक टीम सूरत भेजी गई और जीआरपी के साथ समन्वय किया गया। टीम ने सूरत रेलवे स्टेशन से ठाकुर को पकड़ लिया और अपहृत लड़के को बचा लिया गया। ठाकुर मूलरूप से बिहार के भोजपुर (आरा) जिले का रहने वाला है और उसका पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा है।

# झगड़े में कंडक्टर की उंगली काटने वाला मार्शल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



डीटीसी बस के कंडक्टर की उंगली काटने के आरोप में बस मार्शल को गिरफ्तार किया गया है। इलेक्ट्रिक बस के रूट को लेकर हुए झगड़े के बाद यह घटना सामने आई थी। आरोपी मार्शल का नाम मानसिंह बताया गया है। घटना 28 सितंबर की शाम को हुई थी।

पुलिस के अनुसार मुनिरका निवासी कंडक्टर जितेंद्र कुमार पुनिया (34) नोएडा के सेक्टर 62 और धौला कुआं के बीच चलने वाली बस में ड्यूटी कर रहे थे। वह 2019 से ही संविदा के आधार पर डीटीसी के साथ काम कर रहे हैं। घटना वाले दिन बस चालक और मार्शल इलेक्ट्रिक बस को लाजपत नगर रिंग रोड फ्लाईओवर से ले जाना चाहते थे, जबकि कंडक्टर जितेंद्र नीचे समानांतर सड़क से जाने पर अड़े थे। इसी बात पर दोनों के बीच चीखी बहस हुई। पुनिया ने आरोप लगाया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे नेहरू नगर के पास बस भारी यातायात जाम में फंस गई थी, जिससे काफी देर हो रही थी। शाम करीब साढ़े छह बजे जब बस धौला कुआं टर्मिनल पहुंची तो झगड़ा और बढ़ गया। बस चालक चाय पीने चला गया और पुनिया खाना खाने के लिए बस में ही बैठे रहे। इसी दौरान मार्शल मानसिंह उनके पास आया और अपशब्द कहते हुए बहस शुरू कर दी। जब कंडक्टर ने विरोध किया तो मार्शल ने उन पर हमला कर दिया और हमले के दौरान उनके बाएं हाथ की मध्यमा उंगली को बुरी तरह काट लिया। जितेंद्र की उंगली का सिरा अलग हो गया था। उसकी चीख पुकार सुनकर टर्मिनल पर मौजूद लोग उसकी मदद के लिए दौड़े और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद उसने शाम 7:46 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया और एक पीसीआर वैन उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)ट्रॉमा सेंटर ले गई। इलाज के बाद शिकायत डीटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों तक भेजी गई। डीटीसी अधिकारियों का कहना है कि अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। संबंधित बस मार्शल को उसके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है, जहां उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### मुठभेड़ के बाद विदेशी गैंगस्टर के दो गुर्गे पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को कापसहेड़ा इलाके में एक मुठभेड़ के बाद विदेशी बदमाशों से कथित तौर पर जुड़े दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के नाम आकाश राजपूत और महिपाल हैं। दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि राजपूत हरियाणा, गुजरात और राजस्थान में वसूली और अपहरण के कई मामलों में वांछित था। राजस्थान पुलिस ने उस पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। राजपूत जुलाई 2022 में करनाल के असंध में एक अस्पताल के बाहर हुई गोलीबारी में शामिल था। यह गोलीबारी गैंगस्टर दलेर कोटिया के निर्देश पर की गई थी। राजपूत गुजरात में जुलाई 2025 के अपहरण मामले में भी वांछित था, जिसमें गैंगस्टर किरीट सिंह झाला ने 100 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने बताया कि झाला हाल ही में रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चरण के गिरोह में शामिल हुआ था। महिपाल भी इसी नेटवर्क में सक्रिय था। मुठभेड़ के दौरान राजपूत के शरीर के निचले हिस्से में गोली लगी है। पुलिस इनके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिये आगे की जांच कर रही है।

## एक्सीडेंट में बाइक सवार की हुई थी मौत, कार चालक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आर के पुरम में एक कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत के मामले में कैब चालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चालक का नाम हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी सत्यवीर सिंह (29) बताया गया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को बरामद कर लिया है। यह हादसा 13 सितंबर को भीकाजी कामा प्लेस स्थित होटल हयात के पास हुआ था। पुलिस के अनुसार राजस्थान के दौसा निवासी बिजेंद्र कुमार मीणा (43) की सिर में गंभीर चोटें आने पर 16 सितंबर को एम्स ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पूछताछ के दौरान कार चालक सिंह ने आनंद विहार से गुरुग्राम जाते समय मोटरसाइकिल को टक्कर मारने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि वह घबराकर मौके से भाग गया था। हादसे का कोई प्रत्यक्षदर्शी न होने के कारण जांच अधिकारियों ने तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल किया। पूरे दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 और द्वारका एक्सप्रेसवे पर एनएचएआई नियंत्रण कक्षों के फुटेज भी शामिल थे। रिंग रोड, सफदरजंग एन्क्लेव, धौला कुआं, महिपालपुर और गुरुग्राम के सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद एक सफेद कार की पहचान संदिग्ध वाहन के रूप में की गई थी।

### धूमधाम से दुर्गा महापर्व हुआ संपन्न

**नई दिल्ली।** दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन के बाद श्रद्धालुओं ने लगातार दूसरे दिन मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने कई जगह शोभा यात्राएं निकालते हुए धूमधाम से मूर्ति विसर्जन किया। यमुना नदी में मूर्ति विसर्जन पर कोर्ट द्वारा लगी रोक के चलते इस बार भी दिल्ली सरकार ने कृत्रिम तालाबों का निर्माण किया है। रेखा गुप्ता सरकार ने पहले गणेशोत्सव व अब दुर्गा पूजा के मद्देनजर दिल्ली में करीब 80 कृत्रिम तालाबों का निर्माण कराया था। इनमें पश्चिमी दिल्ली में 20 तालाब, पूर्वी दिल्ली में 16, उत्तर-पश्चिम में 12, दक्षिण-पूर्व में 9, दक्षिण-पश्चिम में 7, शाहदरा, दक्षिण और उत्तर-पूर्व में 5-5, मध्य दिल्ली में 4 और उत्तरी दिल्ली में 1 तालाब बनाया गया था। कृत्रिम तालाब को लेकर श्रद्धालुओं ने कहा सरकार अगर थोड़ी व्यवस्था में और सुधार करे तो बेहतर होगा।

## भ्रमात्मक टिप्पणियां करते हैं आप नेता भारद्वाज : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं आदि पर आम आदमी पार्टी के संयोजक सौरभ भारद्वाज को भ्रमात्मक टिप्पणियां करते हुए देख जहां हमें दुख होता है वहीं भारद्वाज अपनी इन बेतुकी टिप्पणियों से खुद को हास्य का पात्र भी बनाते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को आप नेता भारद्वाज पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की अस्पतालों की व्यवस्थाओं पर भ्रम फैलाने से पहले सौरभ भारद्वाज यह ना भूले की उनके खुद के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शासन के दौरान अस्पतालों में ना सिर्फ मशीन खरीद घोटाले हुए, मोहल्ला क्लीनिकों में एक ही नम्बर से सैकड़ों मरीज पंजीकरण एवं टेस्ट घोटाले हुए बल्कि नकली दवाएं तक बांट दी गई थी।

सचदेवा ने कहा है कि भाजपा सरकार पर आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण का भ्रमात्मक आरोप लगाने से पहले सौरभ भारद्वाज बतायें कि क्या यह सच नहीं की केजरीवाल सरकार ने सरकारी अस्पतालों में पैथ टेस्ट एवं एक्स रे से एमआरआई तक सुविधाएं ठप कर उनका निजीकरण कर किक बैक की लूट का खेल रचा था।

### सीएम से की अल्पसंख्यक छात्रों की ट्यूशन फीस की अंतिम तारीख बढ़ाने की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अल्पसंख्यक छात्रों के लिए ट्यूशन फीस वापसी योजना की अंतिम तिथि बढ़ाने की अपील की है। इस मुद्दे पर कमेटी के अल्पसंख्यक सेल के चेयरमैन सरदार जसविंदर सिंह जॉली ने पत्र लिखा है। जॉली ने बताया कि अभी तक कई छात्र फीस वापसी के लिए आवेदन करने से वंचित रह गए, अगर उन्हें समय सीमा बढ़ाकर मौका दिया जाए तो फायदा होगा। जॉली ने बताया कि इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए फीस रीइंबर्समेंट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 थी। उन्होंने पहले भी इस अंतिम तिथि को बढ़ाने की अपील की थी, क्योंकि बहुत से छात्रों ने अब तक इस योजना के तहत आवेदन नहीं किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि अंतिम तिथि में वृद्धि की जाए ताकि अल्पसंख्यक छात्र योजना के तहत आवेदन कर सकें और उनकी आर्थिक परेशानियां कुछ हद तक कम हो सकें। उन्होंने आशा जताई कि दिल्ली सरकार उनकी अपील को तुरंत स्वीकार करते हुए अंतिम तिथि में वृद्धि करेगी।

### स्कूलों में आरएसएस का इतिहास पढ़ाकर बच्चों के दिमागों में जहर भरने का कदम: यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि दिल्ली के स्कूलों में आरएसएस का इतिहास पढ़ाकर बच्चों के दिमागों में जहर भरने का कदम है। यादव ने कहा कि भाजपा अपने एजेंडे को राष्ट्रनीति शिक्षा योजना के नाम पर दिल्ली के स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों पर थोपने की तैयारी कर रही है। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम की आड़ में आरएसएस के उन समर्थकों की जीवनी और इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पढ़ाया जाएगा, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में कभी अहम भूमिका ही नही थी। आजादी से 22 वर्ष पहले 1925 में जिस आरएसएस की नींव रखी गई उसका इतिहास कितना सशक्त है यह सब देशवासी पहले से ही जानते है। जबकि शिक्षा विशेषज्ञ भाजपा की दिल्ली सरकार की भविष्य बर्बाद करने वाली कार्यवाही से नाखुश है। यादव ने कहा कि क्या आरएसएस को शामिल करके छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियां और देश के लिए आरएसएस के मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरुक करके उनमें देश के प्रति सम्मान बढ़ेगा या छात्रों के लिए डिजाईन किए कार्यक्रम के तहत उन्हें एक सीमित सोच में बांधने की तैयारी है। क्या भाजपा द्वारा आरएसएस के 22 वर्ष के इतिहास को भारत के पुराने इतिहास और लगभग 300 वर्ष के स्वतंत्रता संग्राम का संघर्ष पर हावी नही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 सितम्बर, 2025 को भारत मंडपम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा राष्ट्रनीति शिक्षा नीति को नमो विद्या उत्सव के तहत छात्रों को लोकतंत्र, शासन और बेहतर नागरिकता की व्यवहारिक जानकारी देने के लिए अगर शुरु किया गया, तो क्या संविधान के अंतर्गत विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में जो शक्तियां अलग-अलग भूमिकाएं निभाने के लिए दी गई है वह परिपक्व और संतुलित नही है।

# जाली दस्तावेजों पर भारतीयों को विदेश भेजने वाला एजेंट दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



जाली दस्तावेजों के आधार पर नौ भारतीयों को विदेश भेजने के छह साल पुराने मामले में वांछित एक कनाड़ा के रहने वाले एजेंट को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम गुरअमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली (54) बताया गया है। पाली 2019 में दर्ज एक मामले में वांछित था। इसमें नौ भारतीयों को जाली दस्तावेज रखने के आरोप में इथोपिया से डिपोर्ट किया गया था।

पुलिस के मुताबिक पाली को भारत लौटने के तुरंत बाद अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। बृहस्पतिवार को उसे दिल्ली लाया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह एक समय राष्ट्रीय स्तर का कबड्डी खिलाड़ी था और पंजाब में एक विश्वविद्यालय तथा कनाडा में एक खेल क्लब का प्रतिनिधित्व कर चुका है। बाद में वह जल्द अमीर बनने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को विदेश भेजने लगा। पाली 1995 में अपने परिवार के साथ कनाडा गया था। 1999 में उसे स्थायी निवास का अधिकार मिला। 2019 में पाली ने जालंधर के अपने सहयोगी मंजीत के माध्यम से दो यात्रियों के लिए फर्जी कागजातों की व्यवस्था की और प्रत्येक से 20 लाख रुपये लिए। इस मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक पाली के खिलाफ इसी तरह के सात मामले दर्ज हैं, जिनमें से ज्यादातर 2009 और 2021 के बीच आईजीआई एयरपोर्ट थाने में दर्ज किए गए थे।

## नेशनल चैंपियनशिप में ग्रामीण युवाओं ने जीता गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के मुबारकपुर डबास गांव के चार युवा छात्र नीतीश, मिलन डबास, जयंत डबास और दिव्यांश ने हैदराबाद में आयोजित सोलहवीं जूनियर चौक बाल नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने गांव और दिल्ली का नाम रोशन किया है। इसे लेकर उनका गांव में ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं तथा नोटों की माला से खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने कहा कि इस उपलब्धि हम सब गांववासी गर्व का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में ये युवा और भी ऊंचाइयों को छुएंगे और गांव का नाम रोशन करेंगे। यह प्रतियोगिता पिछले सितंबर माह में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर की 25 टीमों ने हिस्सा लिया।

## आवश्यक वस्तुओं को ढोने वाले कमर्शियल व्हीकल्स पर ईसीसी लगाने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आवश्यक वस्तुओं को ढोने वाले कमर्शियल व्हीकल्स पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) जमा नहीं करने वाली छूट को कोर्ट द्वारा समाप्त करने के बाद ट्रांसपोर्टरों ने इस फैसले को एक तरफा करार दिया है। यानी अब तक छूट वाले वाहनों को भी ईसीसी जमा करना पड़ेगा। इस मामले पर ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि यह फैसला बगैर ट्रांसपोर्ट कारोबारियों, दिल्ली के नागरिकों की संवैधानिक संस्थाओं या अन्य संबंधित पक्षों को सुने बिना लिया गया है। ऐसे में इस फैसले के बाद जहां नागरिकों और व्यवसायियों पर भारी बोझ पड़ेगा, वहीं ट्रांसपोर्टरों को भी नुकसान ही होगा। उन्होंने बताया कि रोजमर्रा की जरूरत वाली वस्तुओं को ढोने वाले वाहनों को ईसीसी में राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि खाली या आंशिक रूप से भरे वाहनों पर भी पहले 50 प्रतिशत दी जाने वाली छूट खत्म कर दी गई है। इससे दिल्ली के प्रवेश मार्गों और नाकों पर अधिक परेशानी होगी। उन्होंने अंदेशा जताया कि नए फैसले के बाद दिल्ली से बाहर से आने वाले कमर्शियल व्हीकल्स की संख्या घट सकती है। जिसका सीधा असर आम जीवन में रोजमर्रा की जरूरी उपयोग की जाने वाली वस्तुएं महंगी होंगी। कपूर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आवश्यक वस्तुओं मैं शामिल जैसे दूध, दही, मक्खन, सब्जियां, अनाज, दाले, अंडे, पोल्ट्री उत्पाद और नमक आदि को ले जाने वाले वाहनों को मिली छूट खत्म कर दी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेन्द्र पुत्र फूल सिंह निवासी प्लॉट नं. 194, खसरा नं. ए–94, भूतल, हरिजन बस्ती, बवाना, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 58/2019 अन्तर्गत धारा 33/38 दिल्ली एक्साईज एक्ट थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 58/2019 अन्तर्गत धारा 33/38 दिल्ली एक्साईज एक्ट थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**पायल सिंगल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
कमरा नं. 286, केन्द्रीय जिला
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/13293/N/2025**
**(Court Matter)**

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
CIN: L31300DL1964PLC004255, Website: www.deltoncables.com, E-mail: secretarial@deltoncables.com, Tel: 0129-4523000

**100 दिवसीय अभियान - 'सक्षम निवेशक'**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) के निर्देशानुसार, शेयरधारकों को भुगतान नहीं किए गए/दावा नहीं किए गए लाभांश का दावा करने और अपने रिकॉर्ड को अद्यतन करने में सहायता प्रदान करने के लिए, डेल्टन केबल्स लिमिटेड ने 28 जुलाई 2025 से 6 नवंबर 2025 तक 100 दिवसीय अभियान - "सक्षम निवेशक" शुरू किया है। शेयरधारक ध्यान दें कि यह सूचना कंपनी द्वारा उपरोक्त अभियान के एक भाग के रूप में जारी की जा रही है।

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण आग्रह को पुनः दायर करने के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 2 जुलाई, 2025 के अनुसार, कंपनी के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए एक स्पेशल विंडो खोली गई है, ताकि उन ट्रांसफर डीड को को पुनः दायर किया जा सके जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले दायर किए गए थे, परन्तु दस्तावेजीकरण या प्रक्रियात्मक कमियों के कारण वापस कर दिए गए, अस्वीकृत कर दिए गए या अप्राप्य छोड़ दिए गए। इस अवधि के दौरान पुनः दायर किए गए सभी शेयरों का प्रसंस्करण केवल डीमैटीरियलाइज्ड रूप में ही किया जाएगा।

**केवाईसी अद्यतनीकरण और भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों का डीमैटरियलाइजेशन**

भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से भी आग्रह किया जाता है कि वे अपने केवाईसी विवरण अपडेट करें और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपने शेयरों को डीमैटीरियलाइज करें तथा आईईपीएफए को शेयरों/लाभांशों के हस्तांतरण से बचें। सहायता के लिए, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 से ईमेल द्वारा : beetalrta@gmail.com या कंपनी से secretarial@deltoncables.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/-
जितेंद्र कुमार
कंपनी सचिव
एसीएस सं. : 30349

दिनांक : 3 अक्टूबर, 2025
स्थान : फरीदाबाद

### तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल में सीएम ने की शिरकत

# नॉर्थ ईस्ट छात्रों की सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी हमारी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में बसे नॉर्थ ईस्ट के छात्रों और युवाओं को भरोसा दिलाती हूं कि दिल्ली भी उनकी अपनी है और दिल्ली सरकार उनकी सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य के लिए हमेशा साथ खड़ी है। आगामी वर्षों में नॉर्थ ईस्ट छात्रों का फेस्टिवल दिल्ली सरकार के सहयोग से और भी भव्य स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 8वें नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर पूर्व सेना प्रमुख एवं मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह , भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और माई होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवधर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'माई होम इंडिया' इन तीन शब्दों में पूरे भारत का सार समाया है। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नॉर्थ ईस्ट आज देश की मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ा है। सड़क, रेलवे, एयरपोर्ट, कॉलेज, आईआईटी जैसी सभी सुविधाएं अब उत्तर-पूर्वी राज्यों तक पहुंच चुकी हैं। जिन राज्यों को पहले देश का आखिरी छोर कहा जाता था, आज वे देश की शुरुआत कहलाते हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों की वेशभूषा, साड़ी और विविध सांस्कृतिक रंगों की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का हर राज्य अपनी अनूठी सुंदरता और गर्व का प्रतीक है। उन्होंने सभी युवाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि दिल्ली सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## 'खजूरी खास में खुलेगा नया केंद्रीय विद्यालय'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के यमुनापार स्थित खजूरी खास क्षेत्र में एक नया केंद्रीय विद्यालय खुलने जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को जमीन उपलब्ध करा दी है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है और कहा है कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में खोले जा रहे केंद्रीय विद्यालय दिल्ली सहित न केवल भारत के शैक्षणिक परिदृश्य को सशक्त करेंगे, बल्कि लाखों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखेंगे।

इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि उन्हें जानकारी दी गई है कि केवीएस ने दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र में एक नया केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह विद्यालय उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के खजूरी खास थाने के पास, सोनिया विहार इलाके में खोला जाएगा। प्रारंभिक रूप से विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक (प्रत्येक कक्षा में एकल अनुभाग) कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विद्यालय के संचालन के लिए भूमि आदि की व्यवस्था संबंधित प्राधिकरण द्वारा कर दी गई है।

### सीएम ने तहसीलदारों व सब-रजिस्ट्रारों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया संबोधित

# अधिकारियों को लोगों की बेहतर सेवा के लिए खुद को नवीनतम तकनीकों से करना चाहिए लैस : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकारी अधिकारियों को कुशलतापूर्वक काम करने और लोगों की समस्याओं का संवेदनशील तरीके से समाधान करने के लिए खुद को नवीनतम तकनीकों और प्रौद्योगिकी से लैस करना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुनापार स्थित विश्वास नगर के यूटीएससी ऑडिटोरियम में राजस्व विभाग के तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए दिल्ली सरकार डिजिटलीकरण को मजबूत करने, पारदर्शिता बढ़ाने, कार्यालयों को आधुनिक बनाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली का हर नागरिक बिना किसी भेदभाव, भय या परेशानी से राजस्व सेवाओं का लाभ उठा सके। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यमंत्री के सुझाव पर शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अन्य राज्यों की तरह तहसीलदार और सब-रजिस्ट्रार के लिए एक्स केडर की व्यवस्था नहीं है। इसलिए नई नियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल अपने कार्य की जटिलताओं को समझने में सक्षम बनाएगा, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को सरल बनाने और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें 'क्या करना है' के साथ साथ 'क्या नहीं करना है' भी सिखाया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव बिपुल पाठक, डिविज़नल कमिश्नर नीरज सेमवाल, डीएम सहित सम्बंधित विभाग के



अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें आधुनिक प्रशासनिक सोच, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना को भी केंद्र में रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने राजस्व और पंजीकरण विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह विभाग सरकार का सीधा और सार्वजनिक चेहरा है। भूमि, स्वामित्व और राजस्व जैसे विषय अत्यंत संवेदनशील होते हैं, इसलिए इनसे जुड़ी प्रक्रियाओं में जनता का विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति हमेशा सही हो, यह ज़रूरी नहीं और हर व्यक्ति गलत हो, यह भी आवश्यक नहीं। ऐसे में विवेक, संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ ही उचित निर्णय लेना ज़रूरी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने आचरण और कार्यशैली के माध्यम से जनता का विश्वास अर्जित करेंगे। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और टीम भावना ही ऐसे मूल्य हैं, जिनके माध्यम से दिल्ली को एक सकारात्मक और विश्वसनीय पहचान दिलाई जा सकती है।

### व्यवहार और कार्यशैली के माध्यम से नकारात्मक छवि दूर करना जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी दफ्तर जनता की सेवा के केंद्र होते हैं, और आम नागरिक अधिकारियों के व्यवहार और कार्यशैली के माध्यम से ही सरकार की छवि का मूल्यांकन करता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यालयों को ऊर्जा, अनुशासन और संवेदनशीलता से भरपूर बनाएं ताकि जब कोई नागरिक समस्या लेकर अधिकारी के पास आए, तो उसे यह महसूस हो कि उसकी बात को गंभीरता से सुना जा रहा है और अधिकारी कानून के दायरे में रहकर समाधान खोजने के लिए ईमानदारी से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि जनता के साथ अधिकारी का व्यवहार ही सरकार की असली पहचान होती है। इसलिए हर अधिकारी को अपनी भूमिका को जिम्मेदारी, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए ताकि जनता का विश्वास बना रहे और सरकार की छवि सकारात्मक बने। मुख्यमंत्री के अनुसार अब वह समय आ गया है जब सरकारी तंत्र की नकारात्मक छवि को पूरी तरह दूर किया जाना चाहिए।

## एनएच-44 गड्ढा मामला : एनएचएआई चाहे तो हल हो सकती है जाम की समस्या

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) प्रशासन चाहे तो राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित नरेला विधानसभा के सिंघोला फ्लाईओवर के



साथ सर्विस लेन पर लगने वाले यातायात जाम की समस्या हल हो सकती है। आसपास के स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआई प्रशासन ने जिस फ्लाईओवर से वाहनों को डाइवर्ट किया है, उसकी चार लेन में से दो-दो लेन के बीच डिवाइडर लगा दिए जाए और फिर दोनों तरफ से आने और जाने वाले वाहनों के लिए इस फ्लाइओवर की लेन खोल दी जाए तो सर्विस लेन पर लगने वाले लंबे जाम से काफी हद तक राहत मिल सकती है और इसके चलते लोगों को जाम की समस्या को देखते हुए गलत दिशा में भी वाहन नहीं ले जाना पड़ेगा। बता दें कि इस दिनों फ्लाईओवर के नीचे दिल्ली जल बोर्ड की लाइन को स्थानांतरित करने का कार्य चल रहा है और इसके बाद फिर फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य शुरू होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित नरेला विधानसभा के सिंघोला फ्लाईओवर पर करीब एक माह पहले बारिश के दौरान और जल बोर्ड लाइन लीकेज के चलते एक गहरा गड्ढा हो गया था जिसके कुछ दिन बाद एनएचएआई प्रशासन ने साथ वाले फ्लाईओवर से वाहनों को डायवर्ट कर दिया। जिसके चलते फिर सिंघु बॉर्डर से दिल्ली की तरफ आने वाले सर्विस मार्ग पर लंबा यातायात जाम लगने लगा।

## मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में फुटबॉल अकादमी के नए ग्राउंड का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में सुदेवा फुटबॉल अकादमी में नए ग्राउंड का उद्घाटन किया। इस



अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्घाटन समारोह में कहा कि खेल के क्षेत्र में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में लगातार आगे बढ़ रहा है। सरकार और जनता जब मिलकर प्रयास करती है तो उसका 100 प्रतिशत परिणाम निकलता है। आज हमने फुटबॉल ग्राउंड का उद्घाटन किया है। ये सार्वजनिक भागीदारी के साथ बनाया गया है। देशभर के खिलाड़ी यहां आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार और एसोसिएशन मिलकर काम करते हैं, तो निश्चित रूप से प्रगति होती है। हमारे खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने खिलाड़ियों के लिए अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रोत्साहन राशि निर्धारित की है। दिल्ली से आने वाले खिलाड़ी, अगर शीर्ष ओलंपियन बनते हैं, तो उन्हें 7 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी मेडल जीतकर लाएं, दिल्ली सरकार उन्हें सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि दिल्ली में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है।

## एमटीएस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पांचवें दिन भी रही जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के 'डीबीसी/सीएफडब्ल्यु (एमटीएस)' कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। 'एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन (रजि)' के बैनर तले पूर्व सूचना के साथ सिविक सेंटर के चारों तरफ जुलूस भी निकाला गया। इसे लेकर हरकत में आए निगम प्रशासन ने हड़ताली यूनियन के साथ शाम करीब 6 बजे बैठक की लेकिन बैठक बेनतीजा निकली। यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा, सचिव राम पाल ने स्पष्ट किया कि जब तक कर्मियों के हित में सकारात्मक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक यह हड़ताल खत्म नहीं होगी। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन की ओर से निगम में अतिरिक्त आयुक्त (स्वास्थ्य) और आला अधिकारियों ने यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

## संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 का लाभ उठाए नागरिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सभी नागरिकों से संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 के तहत संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) का लाभ उठाने की अपील की है। सुनियो के तहत, करदाता वित्तीय वर्ष 2020-21 से पहले ब्याज और जुर्माने सहित संपत्ति कर की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते वे चालू वर्ष (2025-26) और पिछले पांच वित्तीय वर्षों (अर्थात, वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25) के लिए बिना किसी ब्याज और जुर्माने के संपत्ति कर की मूल राशि का भुगतान करें। यह सुनियो शुरू में 1 जून 2025 से 30 सितंबर 2025 तक की अवधि के लिए खुली थी, अब 30 सितंबर 2025 से आगे तीन महीने और 31 दिसंबर 2025 तक के लिए बढ़ा दी गई है।



**खबर संक्षेप**

### लोन का ऑफर देकर 6.50 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाजों ने लोन का ऑफर देकर एक युवक के बैंक खाते से 6.50 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजीव ने बताया कि गुरुग्राम के गांव में रहकर इंटीरियर का काम करता है। 29 सितंबर को उसके पास एचडीएफसी बैंक से लोन संबंधी कॉल आई थी।




### वाहन ने स्कूटी सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में मेदांता अस्पताल के सामने तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार नर्स को कुचल दिया। हादसे में नर्स की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। पुलिस ने मृतका के परिवार वालों को हादसे के बारे में सूचित किया है। परिवार के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। यूपी निवासी नेहा (27 वर्ष) मेदांता अस्पताल में नर्स के तौर पर नौकरी करती थी।



### जॉब का ऑफर देकर ठगी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ थाना एरिया में पार्ट टाईम जॉब का ऑफर देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके पास व्हाट्सअप पर घर बैठे पार्ट टाइम जॉब करने का ऑफर आया। जिसके बाद एप के माध्यम से टॉस्क पूरा करने तथा रुपए इन्वेस्ट करके अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर उसके साथ ठगी कर ली गई।




# हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई और सौंदर्यीकरण

**हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग लोक कलाओं को जीवंत रखने के लिए कृतसंकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों पर गार्बेज वर्नेबल प्वाइंट (जीवीपी) नहीं होंगे। इन स्थानों से जीवीपी को अंदरूनी हिस्सों में स्थानांतरित किया जाएगा या जीवीपी को पूरी तरह से हटाया जाएगा। ये निर्देश निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। दरअसल, नगर निगम गुरुग्राम हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।



निगम की स्वच्छता टीमें प्रतिदिन शहर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ ही गार्बेज वर्नेबल प्वाइंट (जीवीपी) और सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट से कचरा उठाने का काम सुनिश्चित कर रही हैं। इसके साथ ही पेड़ों की छंटाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है। वहीं इंजीनियरिंग टीमें सड़कों को गड्ढामुक्त करने और रिकारपेटिंग का कार्य कर रही हैं। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ करते हैं। शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का गार्बेज वर्नेबल प्वाइंट नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि इन स्थानों से तुरंत जीवीपी को अंदरूनी हिस्सों में स्थानांतरित किया जाए और जहां संभव हो, जीवीपी को पूरी तरह से हटाया जाए। बैठक में निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि घरों, कमर्शियल संस्थानों, मार्केट, फल और सब्जी मंडी, स्ट्रीट वेंडर आदि से कचरा एकत्रित करने वाले व्यक्ति या फर्म की पूरी जानकारी तैयार की जाए। इसमें यह दर्ज किया जाए कि वे कचरे को कहां ले जाते हैं और उसका किस प्रकार निपटान करते हैं। साथ ही रैग पिकर्स को 'नमस्ते योजना' के तहत पंजीकृत किया जाए। उन्होंने स्वच्छ सिटी और सीएचएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि समयबद्ध कार्यों को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, दिवाली से पहले मार्केट क्षेत्रों और सड़कों पर पर्याप्त लाइट व्यवस्था और सौंदर्यकरण करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। नगर निगम की यह पहल न केवल शहर को स्वच्छ बनाएगी बल्कि शहरवासियों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगी।

## सूरजकुंड: दीपावली मेला में लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं कलाकार

# सांस्कृतिक विरासत और जीवंत लोक परंपराओं को देश-दुनिया में पहचान दिलाने का काम कर रहे लोक कलाकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत लोक परंपराओं को देश-दुनिया में पहचान दिलाने का श्रेय उन लोक कलाकारों को जाता है, जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिभा के बल पर हरियाणवी लोक कला को जन-जन तक पहुंचाया है। आज जब आधुनिकता की दौड़ में पारंपरिक कलाएं लुप्त होने की कगार पर हैं, ऐसे समय में ये कलाकार हरियाणा की आत्मा को जीवित रखने का कार्य कर रहे हैं। हरियाणवी की संस्कृति समृद्ध संस्कृति है जिसका पूरे भारत देश के साथ-साथ विदेशों में भी डंका बजता है। ढोल-नगाढ़ा, बीन, सांग, रागनी आदि हरियाणवी संस्कृति के विशेष अंग है। इस संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हरियाणा का युवा अपनी संस्कृति से भली-भांति परिचित हो।

हरियाणा प्रदेश के जिला फरीदाबाद के सूरजकुंड में आत्मनिर्भर भारत.स्वदेशी मेला थीम पर आयोजित किए जा रहे द्वितीय दीपावली मेला में हरियााणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग के प्राचीन लोक कलाओं व विधाओं के लोक कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से न केवल राज्य के गौरवशाली अतीत को सहेजने का कार्य कर रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सूरजकुंड दीपावली मेला में जिला पलवल के गांव बंचारी से आई सुरेंद्र सिंह व नगाड़ा पार्टी, जिला सोनीपत के गांव वजीरपुर टिटाना गांव से आई जय सिंह नाथ की म्यूजिक सपेरा डांस पार्टी व जिला जींद से आई मास्टर चंद्रभान बीन पार्टी मेला घूमने आने वाले लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ लोक कला व संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने व जीवंत रखने का काम कर रही हैं। ढोल नगाड़ा बंचारी गांव की प्रसिद्ध विद्या है जो देश-विदेश में प्रसिद्ध है। हरियाणा सरकार की ओर से युवाओं को हरियाणवी संस्कृति से परिचित करवाने के लिए सरकार की ओर से सराहनीय पहल की जा रही है। कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से हरियाणा की विभिन्न प्रकार को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जाता हैए जिनमें हरियाणवी संस्कृति की झलक स्पष्ट देखने को मिलती है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी में अपने देश व प्रदेश की लोक संस्कृति के प्रति जागृति आ रही है। इन आयोजनों से न केवल शहरों में रहने वाला युवा वर्ग हरियाणवी संस्कृति से परिचित होगा, बल्कि संस्कृति से जुड़कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक भी सिद्ध होगा। हरियाणवी कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के मार्गदर्शन में हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग कृतसंकल्प है।

**हरियाणवी संस्कृति व परंपरागत वेशभूषा को दिया बढ़ावा**

### मेला की मुख्य चौपाल पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मचाई धूम



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड दीवाली मेला में दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्य चौपाल पर स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के सामूहिक नृत्य व गायन और एकल नृत्य ने मंच पर खूब रंग जमाया। दीवाली के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला की थीम के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा के निर्देशन में 7 अक्टूबर तक द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में मुख्य चौपाल से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां लोक कलाकारों और विद्यार्थियों द्वारा रोजाना दी जाएंगी। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेवला महाराजपुर और पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति और परांपरागत वेशभूषा के साथ के साथ एक से बढक़र एक शानदार प्रस्तुतियों से मनमोह लिया। इन विद्यार्थियों द्वारा इन बेटियों ने खूबर पढ़ईयो रे... और तीन रंगों का लहराये ये तिरंगा आदि लोकगीतों पर सामूहिक नृत्य और गायन के साथ एकल नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के अधिकारीए स्टाफ सदस्य व दर्शक रहे।

**मेला में मीनू ठाकुर की भव्य प्रस्तुति**

## अष्टभुजा दुर्गा वंदना की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में सूरजकुंड में आयोजित आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला (द्वितीय दिवाली मेला) के प्रथम दिवस की शाम को बड़ी चौपाल पर प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नितर्यांगना मीनू ठाकुर ने कुचिपुड़ी नृत्य की विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला (दिवाली मेला) के प्रथम दिन संध्या के मंच पर वीरवार की शाम संस्कृति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना मीनू ठाकुर ने अपनी भव्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मीनू ठाकुर ने कुचिपुड़ी नृत्य शैली की एक प्रसिद्ध प्रस्तुति अष्टभुजा दुर्गा वंदना की मनोहारी प्रस्तुति के माध्यम से देवी शक्ति की अलौकिक छवि को मंच पर जीवंत कर दिया। लाल स्वर्ण परिधान और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ उनकी प्रस्तुति ने ऐसा दृश्य रच दिया मानो स्वयं मां दुर्गा मंच पर अवतरित हो गई हों।

संगीत, ताल और भावाभिनय के अद्भुत समन्वय से सजी इस प्रस्तुति को देखकर दर्शकों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। मेला संध्या में उपस्थित दर्शकगण इस अनूठे प्रदर्शन को लंबे समय तक याद रखेंगे।

### सांस्कृतिक उत्सव का रंग हुआ गहरा

आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला (दिवाली मेला) संध्या का यह कार्यक्रम भारतीय शास्त्रीय नृत्य और लोक संस्कृति के सम्मिश्रण का सशक्त उदाहरण रहा, जिसमें कला के विविध रंगों ने हरियाणा की धरती पर सांस्कृतिक उत्सव का रंग और गहरा कर दिया।

**एक बेटी की हालत गंभीर, पुलिस ने परिवार के लोगों से मामले की जानकारी ली**

# पिता ने 3 बच्चों संग लगाई फांसी, तीन की मौत

**डेयरी संचालक ने मरने से पहले वीडियो बनाया, पत्नी और ससुरालवालों को जिम्मेदार बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शुक्रवार अल सुबह डेयरी संचालक ने अपनी तीन बच्चों के साथ फांसी लगा ली। चारों की बॉडी पशु बाड़े में छत से फंदे से लटकी हुई थी। इसी दौरान परिवार का एक सदस्य पशु बाड़े में पहुंचा तो चारों को फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए।

उसने शोर मचाते हुए आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। इसके बाद सभी ने तुरंत चारों को फंदे से उतारा तो देखा कि दो बच्चों की सांसें चल रही थीं, जबकि डेयरी संचालक और एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक बेटा और बेटी को भर्ती कर लिया गया, जबकि व्यक्ति और एक बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवाया गया है। उधर, दोपहर को अस्पताल में भर्ती बेटी ने भी दम तोड़ दिया।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि डेयरी संचालक ने मरने से पहले एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। इसमें उसने पत्नी सहित ससुराल के लोगों को मौत का जिम्मेदार बताया। आरोप लगाया है कि ये सभी गलत काम करते हैं। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। साथ ही मृतक के पत्नी और अन्य परिजनों से जानकारी जुटा रही है।

मामला नेकपुर गांव का है। मृतकों में पिता कर्मवीर, बड़ी बेटी छवि का नाम शामिल है, जबकि बेटा नीशु और छोटी बेटी सृष्टि को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो घंटे के उपचार के बाद सृष्टि ने भी दम तोड़ दिया। कर्मवीर डेयरी संचालक था। वह अपनी तीनों बच्चियों के साथ घर के बाहर बने पशु बांधने वाले बाड़े में सोया करता था। सुबह करीब 4.30 से 5 बजे के बीच उसने इसी पशु बाड़े में पहले बच्चों को फंदे पर लटकाया और फिर खुद भी फांसी लगा ली।

शुक्रवार की सुबह जब परिवार का एक सदस्य सुबह वहां पहुंचा तो उसने चारों को फंदे पर लटका देखा। शोर मचने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इससे पहले लोगों ने चारों को को फंदे से उतारा। बेटे नीशू और छोटी बेटी सृष्टि की सांसें चल रही थीं,



जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहीं कर्मवीर और बड़ी बेटी छवि की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही धौज थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने परिवार के लोगों से मामले की जानकारी ली। सामने आया कर्मवीर ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में उसने अपनी पत्नी, सास दो साली और पत्नी की बुआ पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि ये सभी महिलाएं गलत काम में लिप्त हैं और उसे भी कई बार इसमें फंसाने की कोशिश की। वीडियो में कर्मवीर ने कहा कि उसकी मौत का जिम्मेदार ये ही लोग हैं। पुलिस उनके मोबाइल चेक कर कड़ी कार्रवाई करे। पुलिस ने कर्मवीर के मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है। साथ ही परिवार के लोगों और मृतक की पत्नी से भी जानकारी जुटाई जा हरी है कि आखिर मामला क्या है। गांव वालों के अनुसार कर्मवीर का अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के साथ पिछले डेढ़ साल से विवाद चल रहा था। इसी वजह से पति-पत्नी अलग रहने लगे थे। बताया जा रहा है कि करीब 7 दिन पहले भी झगड़ा हुआ था, जिसके बाद से कर्मवीर काफी परेशान रहने लगा। वह डेयरी चलाकर बच्चों की पढ़ाई और परिवार का पालनपोषण करता था। डेयरी संचालक कर्मवीर ने सुसाइड से पहले वीडियो भी बनायाए जिसमें उसने अपनी और बच्चियों की मौत के लिए पत्नी और ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया है। डेयरी संचालक कर्मवीर ने सुसाइड से पहले वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने अपनी और बच्चियों की मौत के लिए पत्नी और ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया है।

#### पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला पारिवारिक विवाद और तनाव का लग रहा है। मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो की भी जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक के ससुराल पक्ष और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### आपत्तिजनक मैसेज भेजने वाला आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में महिला का फेक इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उसके परिजनों व परिचितों को आपत्तिजनक मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है। महिला स्कूल में आरोपी की जूनियर थी। महिला द्वारा बात बंद कर देने पर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। दरअसल, साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस में एक महिला ने 23 जून को शिकायत दी थी कि किसी ने उसकी फोटो व वीडियो का प्रयोग करके फेक इंस्टाग्राम अकाउंट बना लिया। आरोपी उसके परिवार व दोस्तों को अभद्र/ आपत्तिजनक मैसेज भेज रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गुरुग्राम से काबू कर लिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या: 22-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 03.10.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दो वर्ष की अवधि के लिए एसएसबी–बीटीआई पर 25 केवी एसी ट्रैक्शन प्रणाली की पीएसआई रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 3,30,50,430.58/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 3,15,300/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.10.2025 (10:30 बजे) से 29.10.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.10.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3063/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. प्रमोद पुत्र स्वर्ण सिंह 2. ज्ञान देवी, पत्नी: स्वर्ण सिंह** दोनों निवासी **मकान नं. ए9, गली नं. 3, मरारी रोड, मुबारकपुर डबास, कंझावला, रोहिणी, दिल्ली**ने case **FIR No. 181/2021 U/s 498A/34 IPC, थाना: कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. प्रमोद 2. ज्ञान देवी** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. प्रमोद 2. ज्ञान देवी** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 181/2021 U/s 498A/34 IPC, थाना: कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. प्रमोद 2. ज्ञान देवी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ऐश्वर्या शर्मा**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01**
**उत्तर पश्चिम, रूम नं. 106, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13226/RD/2025 (Court Matter)**

### बड़खल विधायक धनेश अदलखा ने गोद लिए विस के 250 टीबी मरीज

# ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में टीबी एवं एचआईवी जागरूकता एवं जांच पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद में डीटीओ डॉ. हरजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में क्षय रोग (टीबी) विभाग द्वारा एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए चल रहे प्रयासों के तहत टीबी की पहचान, देखभाल और रोगी सहायता सेवाओं को सुदृढ़ बनाना था।

बड़खल विधायक धनेश अदलखा की ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की, उनके साथ डीजीएचएस डॉ. ब्रह्मदीप और सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा भी मौजूद रहे।

शिविर में टीबी एवं एचआईवी जांच, मौके पर ही थूक संग्रहण, एचआईवी परीक्षण, छाती का एक्स-रे, एनएएटी परीक्षण, विशिष्ट टीबी



देखभाल सेवाएं, निक्षय मित्र पंजीकरण और रोगियों को पोषण आहार किट वितरण सहित कई गतिविधियां शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान कुल 19 निक्षय मित्रों ने पंजीकरण कराया, जिन्होंने सामूहिक रूप से 24 टीबी रोगियों को गोद लिया और उन्हें नियमित पोषण सहायता और देखभाल प्रदान की। विधायक धनेश अदलखा ने बड़खल विधानसभा के सभी 250 टीबी रोगियों को व्यक्तिगत रूप से गोद लेकर उन्हें पोषण आहार किट प्रदान करके एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया और टीबी उन्मूलन के प्रति समुदाय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि समुदाय के सहयोग और जनभागीदारी से ही टीबी जैसी गंभीर बीमारी का उन्मूलन संभव है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

उनकी इस पहल ने न केवल टीबी उन्मूलन के प्रति समुदाय की गहरी प्रतिबद्धता को पुष्ट किया बल्कि रोगियों में एक नई आशा और आत्मविश्वास का संचार भी किया। डीटीओ डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि टीबी उन्मूलन प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी और समय पर निदान के महत्व पर जोर दिया।

### शराब की दो अवैध दुकानें की सील

# राजनगर एक्सटेंशन में अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर शुक्रवार को राजनगर एक्सटेंशन में अवैध निर्माण पर चला। जिसमें कई अवैध निर्माण ढहा दिए गए। साथी ही शराब की दो दुकानें भी सील कर दी गयी। इन्दिरपुरम प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के अंतर्गत जूडियो शोरूम एवं वीवीआईपी मॉल के निकट फुटपाथ एवं सड़क के भाग को अतिक्रमण करते हुए निर्माण जो निर्माण कर लिया गया था और उसे पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। फुटपाथ एवं सड़क के हिस्से में पार्किंग के संचालन से अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती थीं।



फुटपाथ और सड़क के हिस्से में अतिक्रमण को पहटाया गया। इसके अतिरिक्त 24 , 30 और 40 मीटर चौड़ी सड़कों पर अस्थाई दुकानों तथा पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। राजनगर रेजीडेंसी के सामने एगिंल के सहारे रेस्टोरेंट व दुकानें संचालित करते हुए किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इसी लाइन में संचालित शराब की दुकान को सील किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज पुत्र** सोदान सिंह **निवासी** मकान नं. 191, गली नं0–1, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली, **यहां भी:** ग्राम पीएस दादों तहसील–अतरौली, जिला–अलीगढ (उ0प्र0), ने **FIR No. 266/13, U/S 279/338 IPC, पुलिस स्टेशन सराय रौहिल्ला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 266/13, U/S 279/338 IPC, पुलिस स्टेशन सराय रौहिल्ला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मनोज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04 (केंद्रीय),**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं0–37, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13304/N/2025 (Court Matter)**

## पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर में ...

थी। यह द्विपक्षीय था और इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोई भूमिका नहीं है। बीते चार महीनों में उन्होंने हालांकि इस संबंध में कई बार (वैश्विक मंच शामिल) दावा किया है। यह जानकारी एयरचीफ मार्शल सिंह ने 8 अक्टूबर को वायुसेनादिवस के पूर्व में नई दिल्ली में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी।

**आतंकी ठिकाने कहीं ले जाए पाक, हम ठोकेंगे:** उन्होंने कहा, ये अभियान पूरी तरह से सफल रहा और हमने इसमें तय किए हुए सभी लक्ष्यों को तीव्रता और निर्णायक सफलता के साथ पूरा किया है। मैं इसे देश की एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानता हूं। ऑपरेशन सिंदूर से बाकी दुनिया ने भी भारतीय सेनाओं की शक्ति और सटीकता का नजारा देखा है। ये उनके लिए भी एक सबक है। क्योंकि विश्व के कुछ भागों में आज भी जंग जारी है। भारत की कार्रवाई में वायुसेना की बेहद उन्नत लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का प्रयोग कर दुश्मन पर 300 किलोमीटर से अधिक दूरी तक हमला बोला गया। जिसने पाकिस्तान की कार्रवाई को नियंत्रित कर दिया। कुल करीब 100 घंटों तक चले इस युद्ध में पाक ने कई मिसाइलों और ड्रोन से हम पर हमला किया। लेकिन उसके सारे वार विफल साबित हुए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान द्वारा अपने आतंकी ठिकानों को खैबर पख्तूनख्वा में स्थानांतरित करने के सवाल के जवाब में वायुसेनाप्रमुख ने कहा कि ये स्वाभाविक है। क्योंकि वो जानते हैं कि इनकी जानकारी सार्वजनिक होने के साथ ही अब इन पर भी कभी भी हमला हो सकता है। हमें भी इस बात की जानकारी है कि पाक आतंकी ठिकानों को खैबर पख्तूनख्वा ले जा रहा है। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। क्योंकि हमारे पास वहां तक मार करने की क्षमता है। खुफिया जानकारी होने पर हम उसे वहां पर भी ठोकेंगे।

**वायुसेना को चाहिए और एस-400:** एयरचीफ मार्शल सिंह के मुताबिक, 7 से 10 मई के दौरान सशस्त्र सेनाओं के एक्शन के दौरान एस-400 सिस्टम ने बेहद उम्दा काम किया है। यह एक बेहतरीन प्रणाली है। वहीं, सुखोई-30 एमकेआई को उन्नत बनाने का सिलसिला जारी है। जिसमें भारत को रूस का पूरा साथ मिल रहा है। भारत के पास एस-400 की तीन यूनिट रूस से आ चुकी हैं। जबकि हमने 2018 में इसकी 5 यूनिटों की खरीद के लिए करीब 5.5 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। बाकी दो यूनिटें 2026-27 तक मिल सकती हैं। यहां बता दें कि अतिरिक्त एस-400 सिस्टम को लेकर देश की जरूरत के संबंध में वायुसेनाध्यक्ष का ये बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब इसी साल दिसंबर महीने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा होने वाली है। जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। वार्ता के केंद्र में रक्षा, व्यापार जैसे मुद्दे ही रहने वाले हैं।

**चीन तैयारी करे तो करे, हम भी तैयार हैं:** उन्होंने कहा कि चीन अपनी तैयारी कर रहा है और हम भी अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। जिसमें नए एयरबेसों का निर्माण भी शामिल है। भविष्य में होने वाली लड़ाई आज से बिलकुल अलग होगी। जिसके लिए हमें तैयार रहना है। इसके अलावा भारत को वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। वायुसेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए हमारा रोडमैप तैयार है। लड़ाकू विमान के बेड़े को मजबूत बनाने के लिए बल ने स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) मार्क1ए का ऑर्डर दिया जा चुका है। तीन साल बाद 2028 में इसकी खेप मिलने की शुरुआत हो जाएगी। लड़ाकू विमानों के मामले में वायुसेना का जोर दक्षता वाले विमानों पर है। स्वदेशी एलसीए भी चाहिए। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के साथ मिलकर हम काम कर रहे हैं। जहां तकनीक से जुड़ी हुई आवश्यकताओं का मसला आएगा। तो उसके लिए किसी अन्य पक्ष के साथ मिलकर काम के लिए भी वायुसेना तैयार है।

**सुदर्शन चक्र पर काम जारी:** एयरचीफ मार्शल सिंह ने कहा कि वायुसेना, सेना और नौसेना ने स्वदेशी सुदर्शन चक्र एयर डिफेंस सिस्टम पर मिलकर काम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना की घोषणा 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से की थी। जिसके तहत इस एयर डिफेंस सिस्टम का विकास किया जाएगा। जो देश के बेहद महत्वपूर्ण, संवेदनशील सैन्य और असैन्य प्रतिष्ठानों, ठिकानों की दुश्मन के किसी भी खतरे से सुरक्षा करेगा। साथ ही ये जरूरत पड़ने पर दुश्मन के किसी भी खतरे से निपटने के लिए भी तैयार है।

**ऑपरेशन सिंदूर से सीखा ये सबक:** ऑपरेशन सिंदूर का हमारे लिए सबक यह है कि सभी सशस्त्र सेनाओं को साथ मिलकर काम करना होगा। भविष्य में एकजुटता से दुश्मन से दो-दो हाथ करने पड़ेंगे। दूसरे शब्दों में सभी एजेंसियों के बीच संयुक्तता और एकीकरण होना चाहिए। वायुसेना की तरफ से मैं ये वादा करता हूं कि आवश्यकता पड़ने पर हम अपने कर्तव्य का पालन करेंगे।

**थिएटर कमांड पर विवाद नहीं:** एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि थिएटर कमांड को लेकर कोई मतभेद नहीं है। विषय पर विचार-विमर्श जारी है। लेकिन अनुभव काफी अहम हैं, जिसके आधार पर हमें संयुक्त रूप से कार्रवाई करनी पड़ेगी। थिएटर कमांड का अभी तक गठन नहीं किया जा सका है। जिसे लेकर संवाद का दौर चल रहा है। पूर्व में वायुसेना द्वारा इस संबंध में कुछ आपत्तियां जताने की बात सामने आयी थी। जिसे लेकर वायुसेनाप्रमुख ने बल का पक्ष देश के सामने रखा है।

### तबाह हुए विमानों ...

और एक सी-130 मालवाहक विमान और एक हवाई रडार के साथ निगरानी में दक्ष अवाक्स विमान भी शामिल है।

### भारत-पाक के बीच...

समेत अन्य आतंकी संगठनों के 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारतीय कार्रवाई से घबराकर पाकिस्तान ने 8 से 10 मई तक पश्चिमी सीमा पर लेह से सरक्रीक तक ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला करने की कोशिश की थी। जिसे सीमाओं पर पूरी मुस्तैदी के साथ डटी हुई सेनाओं ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया। वायुसेना का हमला इतना दमदार, असरदार था कि पाकिस्तान को संभलने का मौका नहीं मिला और आखिरकार वो समझ गया कि भारत के साथ संघर्षविराम करने में ही उसकी भलाई है। पाक डीजीएमओ ने भारत के अपने समकक्ष को फोन मिलाया और दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम पांच बजे से यह समझौता लागू हो गया है। जिसके बाद भी भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति बरकरार है। अगर भविष्य में पाक ने पहलगाम जैसा कोई हमला किया तो उसे तुरंत उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

### भारत कभी ट्रंप के ...

के खिलाफ हो। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसंबर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं।

**यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें दीं तो...:** अगर यूक्रेन को लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलें दी गईं, तो अमेरिका-रूस के संबंध खराब हो जाएंगे। इन मिसाइलों से भी रूस की सेहत पर असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि जल्द ही रूसी एयर डिफेंस सिस्टम उसकी काट निकाल लेगा। अगर अमेरिका या दूसरे देश नए परीक्षण करते हैं तो रूस भी पीछे नहीं रहेगा। रूस को अपने परमाणु हथियारों पर पूरा भरोसा है और वह जानता है कि भविष्य में किस तरह आगे बढ़ना है।

### रूस को कागजी शेर...

कागजी शेर कहा था। रूसी राष्ट्रपति ने जवाब देते हुए कहा कि अगर रूस कागजी शेर है और फिर भी नाटो से लगातार लड़ाई में डटा हुआ है, तो फिर नाटो की हैसियत क्या है?

### पीओके में ...

**बांग्लादेश के बयान को किया खारिज:** उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के खगराचारी जिले में हिंसा भड़काने में भारत की संलिप्तता के आरोप से जुड़े हुए बयान को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से गलत और निराधार बताया। साथ ही कहा कि हम ऐसे झूठे और बेबुनियाद आरोपों को स्पष्ट रूप से नकारते हैं। पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में असफल रही है। इसलिए बार-बार वह भारत पर अपनी नाकामी को लेकर दोषारोषण करती रहती है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश अपने भीतर झांके और स्थानीय चरमपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों, हिंसा, आगजनी और जमीन कब्जाने जैसी गतिविधियों की जांच करे।

**क्रिस्टोफर कूटर बने भारत में कनाडा के उच्चायुक्त:** कनाडा द्वारा लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने के फैसले से जुड़े प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को लेकर चर्चा करने के लिए कई मुद्दे हैं। जिसके तहत सुरक्षा सहयोग भी शामिल है। अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध भारत और कनाडा के लिए विशेष चिंता का मुद्दा है। सभी देशों को हकीकत में इस समस्या से लड़ने के लिए एकजुट होना होगा। उधर, क्रिस्टोफर कूटर ने नई दिल्ली में कनाडा के नए उच्चायुक्त के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। 3 अक्टूबर को उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय पत्र सौंपा। जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। यहां बता दें कि कनाडा द्वारा खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाने के बाद दोनों देशों के संबंधों में अत्यधिक गिरावट देखने को मिली थी। इसके करीब एक साल बाद अब राष्ट्रीय राजधानी में नए कनाडाई उच्चायुक्त ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

### अगले सप्ताह होगी...

आदान-प्रदान से लेकर क्षेत्र में हालिया आए भूकंप के दौरान प्रदान की गई मानवीय सहायता मुख्य रूप से शामिल है। रणधीर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने मुत्ताकी की वैश्विक यात्रा पर लगे हुए प्रतिबंध को अस्थायी रूप से हटा लिया है। जिसके बाद ही उन्हें नई दिल्ली की आगामी यात्रा करने के लिए मंजूरी मिली है। दोनों देशों के बीच संवाद प्रक्रिया जारी है।

### भाजपा ने आदित्य...

के नेतृत्व में आदिवासी मतदाताओं पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी क्षेत्रों में पिछले चुनाव में कमजोर प्रदर्शन किया था। अब भाजपा के सामने अपने उसे आधार वोट बैंक को वापस पाना बड़ी चुनौती बना हुआ है। आदित्य साहू इस काम में भाजपा की कितनी मदद कर पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। साहू तत्काल प्रभाव से अपने पद पर काम करेंगे। एक कार्यकारी अध्यक्ष के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसी नेता को देगी, लेकिन एक बार फिर कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। आदित्य साहू की नियुक्ति में भाजपा की वह सोच सामने दिखाई पड़ रही है जिसमें वह अपने सबसे निचले स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को लगातार आगे बढ़ा रही है। आदित्य साहू भी किसी बड़ी राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं। सामान्य पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर उन्होंने जिला स्तर से अपनी राजनीति शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश की राजनीति में अपनी जगह बनाई और केंद्र में राज्यसभा सांसद तक पहुंचे। माना जा रहा है कि भाजपा ने संगठन में काम करने के उनके लंबी अनुभव को ध्यान में रखते हुए ही उन्हें प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है।

### मैहर में मां शारदा...

शाम को, संघ प्रमुख आवासीय विद्यापीठ में प्रांत स्तर के एक संघ वर्ग में शामिल होंगे, जिसमें पूर्णकालिक सदस्य उपस्थित रहेंगे। अगले दिन, 5 अक्टूबर को डॉ. भागवत सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे बीटीआई मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 6 बजे, संघ प्रमुख रीवा इतवारी ट्रेन से नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। डॉ. भागवत का सतना से पुराना जुड़ाव रहा है। लगभग 10 साल पहले वे उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए थे।

### ज्ञानेश कुमार ने ...

अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। यह संक्षिप्त बैठक आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित की गई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उन्हें लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ बताया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को चुनाव से संबंधित सभी कानूनों, नियमों और दिशा-निर्देशों की अच्छी जानकारी लेने, प्रत्यक्ष क्षेत्रीय जानकारी प्रदान करने और उनका कड़ाई से तथा निष्पक्ष अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए पूरी तरह से उपलब्ध रहें। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में की गई पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

### टैरिफ चुनौतियों से...

वैश्विक अस्थिरता के दौर में हैं लेकिन भारत में बाहरी झटकों को झेलने की मजबूत क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाले व्यवधान केवल अल्पकालिक झटके नहीं हैं, बल्कि गहरे संरचनात्मक बदलावों का इशारा करते हैं। हालांकि, घरेलू सुधार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भागीदारी के साथ संतुलन बैठाकर भारत बढ़ती टैरिफ बाधाओं, बदलते व्यापार गठबंधनों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों से बिना किसी नुकसान के निपट सकेगा।

**उभरती अर्थव्यवस्थाओं से की अपील:** संबोधन के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दुनिया की तमाम उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के अपील की कि वे अपने ऊपर पड़ने वाले निर्णयों को आकार देने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में जहां किसी दूसरे के फैसले हमारी नियति का निर्धारण करते हैं, हमें सक्रिय भागीदार के रूप में सामने आना होगा। जहां संभव हो परिणामों को आकार देना होगा और जहां जरूरी हो, स्वायत्तता बनाए रखनी होगी।

### रेल मंत्री अश्विनी...

की और इस दौरान ट्रेन के संचालन तंत्र और लोकमोटिव पायलट के केबिन का भी अवलोकन किया। हिरोमासा नाकानो ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण प्रयासों और स्वदेशी तकनीक के साथ जापानी विशेषज्ञता के मेल की सराहना की।508 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना के 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। बुलेट ट्रेन के शुरू होने से मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा समय लगभग 8 घंटे से घटकर करीब 2 घंटे रह जाएगा। परियोजना के पूरा होने से न केवल पश्चिम भारत के प्रमुख शहरों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि यह भारत के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास को भी नई दिशा देगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का हिस्सा है, जो भारतीय रेलवे को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक और तेज बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी।" वहीं, जापानी मंत्री हिरोमासा नाकानो ने विश्वास जताया कि भारत और जापान के बीच यह साझेदारी भविष्य में और भी मजबूत होगी और दोनों देश हाई-स्पीड रेल समेत अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी मिलकर काम करेंगे।

# 25 लाख महिलाओं के खाते में ट्रांसफर किए 10-10 हजार रुपए

## चुनाव से पहले बिहार में सीएम नीतीश कुमार का बड़ा कदम

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी आई । मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 25 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपए की राशि सीधे भेजी है। यह ट्रांसफर 3 अक्टूबर 2025 को 1, अणे मार्ग, पटना से किया गया। कुल 2500 करोड़ रुपए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए जारी किए गए, जिससे पारदर्शिता और गति सुनिश्चित हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना से अब तक लगभग 1 करोड़ महिलाओं को सीधी आर्थिक मदद मिल चुकी है। इस योजना के लिए अब तक 1.40 करोड़ महिलाओं ने आवेदन किया है। जबकि 1.5 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वरोजगार के लिए आवेदन कर चुकी हैं।

**स्वरोजगार सफल होने पर 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता:** इससे पहले 26 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से 75 लाख महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में 7500 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए थे।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या: 2025/आईआरसीटीसी/सीओ/एसईआर/रेडहैट सॉफ्टवेयर – आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए सॉफ्टवेयर लाइसेंस की खरीद हेतु। बोली–पूर्व बैठक (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग): 08.10.2025 को 12:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 17.10.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

स.म.प्र. (सेवाएं) आईआरसीटीसी लिमिटेड, तीसरा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029






तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।



# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निन्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

***(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)***

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिजाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर :** 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**
- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**
- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**
- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**
- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**
- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)
**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**


**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण :** -
एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए
- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

सोशल मीडिया आज हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

### गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की जिंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी जिंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदत: लोग दूसरों की "परफेक्ट" जिंदगी देखकर अपनी वास्तविक जिंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत जिम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोजानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

बस्ती-बस्ती में स्वयंसेवकों ने निकाले पथ संचलन, सीएम डॉ. यादव भी हुए शामिल

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्षः संघ की कार्यप्रणाली और सेवा कार्यों ने पिछले सौ वर्षों में समाज को दी नई दिशाः विमल गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी के पावन पर्व पर गुरुवार को भोपाल महानगर के 12 विभिन्न नगरों, खंडों और बस्तियों में पथ संचलन निकाले गए। संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में इनमें सहभागिता की। विद्युत जिले के अवधनगर स्थित अविनाथ नगर बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यशपाल सिंह और मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक विमल गुप्ता शामिल हुए। प्रान्त प्रचारक गुप्ता ने संघ के मूल विचार, उद्देश्य और समाज सेवा की दिशा में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का जन्म किसी के विरोध में नहीं, बल्कि राष्ट्र को स्वतंत्र कराने और उस स्वतंत्रता को स्थायित्व और चरित्र देने के उद्देश्य से हुआ। संघ के संस्थापक जन्मजात राष्ट्रभक्त थे, जिनका एकमात्र लक्ष्य भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाना था। बता दें, संघ के शताब्दी वर्ष पर भोपाल विभाग में कुल 373 पथ संचलन होंगे। जिनमें डेढ़ लाख से अधिक स्वयंसेवक भाग लेंगे और यह कार्यक्रम 12 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।



### इन स्थानों पर भी निकला पथ संचलन

मंडीदीप नगर की प्रताप बस्ती में पथ संचलन निकाला गया। तात्या टोपे जिले के अंबेडकर नगर की कोटरा बस्ती का विजयादशमी कार्यक्रम सरस्वती स्कूल में संपन्न हुआ। सुभाष कॉलोनी और अशोक विहार बस्ती, शंकराचार्य नगर स्थित ग्रीन पार्क और हिनोतिया में पथ संचलन हुआ। साथ ही शंकराचार्य नगर के अंतर्गत रामबाग और गांधी बस्ती में पथ संचलन हुआ।

### संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है

प्रान्त प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। संघ की कार्यप्रणाली और सेवा कार्यों ने पिछले सौ वर्षों में समाज को नई दिशा दी है। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को गौरवशाली बताते हुए कहा कि यह केवल संगठन की नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की भी यात्रा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव संघ के गणवेश में शामिल हुए



राजधानी भोपाल के कोटरा कोटा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से निकले पथ संचलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं संघ के गणवेश में शामिल हुए। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, संघ के प्रांत संचालक अशोक पांडेय, नगर संघचालक गोपालदास मेहता, क्षेत्र संगठन मंत्री विवस्वान तथा संगठन मंत्री हितानंद शर्मा सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ गायक व सांस्कृतिक विशेषज्ञ उल्लास तेलंग ने अपने उद्बोधन में संघ की कार्यशैली, उसके सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की भावना को सराहा।

गृहमंत्री शाह ने कुरुक्षेत्र से प्रदेश को दी 825 करोड़ की 19 परियोजनाओं की सौगात, विपक्ष पर साधा निशाना

# पहले डंडे से चलाती थी पुलिस अब तथ्यों पर काम कर रही

3 नए कानून लागू होने से अब 3 साल में मिलेगा न्याय नहीं मिलेगी तारीख पे तारीख

▶▶ सरकार ने 2029 तक हर गांव को सहकारिता से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पूरे देश में 75 हजार नई डेयरी समितियों की स्थापना की जाएगी। पहले से चल रही 46 हजार समितियों को और मजबूत बनाया जाएगा, इससे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे।



कुरुक्षेत्र में तीन कानूनों पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/कुरुक्षेत्र

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को प्रदेश का दौरा किया। शाह ने 12 जिलों के 825 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन व शिलान्यास किया। पहले रोहतक के आईएमटी में साबर डेयरी (अमूल) प्लांट का उद्घाटन किया। यह करीब 350 करोड़ में तैयार हुआ। शाह रोहतक से कुरुक्षेत्र पहुंचे यहां कांग्रेस पर निशाना साधा। कुरुक्षेत्र में नए कानूनों की प्रदर्शनी देखने के बाद शाह ने कहा कि पहले पुलिस डंडों पर चलाती थी अब तथ्यों पर काम कर रही है। देश छोड़कर भागने वाले अपराधियों भले ही विदेश में हों, उनकी अनुपस्थिति में भी ट्रायल चलेगी और सजा मिलेगी। नए कानूनों के तहत एक वर्ष में लगभग 53 फीसदी मामलों में 60 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल हुई है।

» **कांग्रेस ने नौकरियों को बर्बाद और खत्म किया, हमने खर्ची-पर्ची रोकी**

» **रोहतक में साबर डेयरी अमूल प्लांट का उद्घाटन और मदवि में खादी महोत्सव का उद्घाटन**

### कांग्रेस खादी को भूली मोदी ने बढ़ाया, खादी केवल पोशाक नहीं, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की भावना



### शाह बोले-प्रदर्शनी को जरूर देखना चाहिए

शाह ने कहा कि प्रदर्शनी को जरूर देखना चाहिए। हमारी जनता के मन में एक छवि बनी है कि थाने में जाएंगे तो कई सालों तक न्याय नहीं मिलेगा, लेकिन 2026 के बाद जो भी एफआईआर दर्ज होगी, उसमें 3 साल में न्याय जरूर मिलेगा। शाह ने कहा कि मोदी ने कहा है कि 'सिटीजन फर्स्ट, जस्टिस फर्स्ट', और इन्हीं सिद्धांतों पर इन तीनों कानूनों को बनाया गया है। उधर रोहतक में कहा कि सरकार ने 2029 तक हर गांव को सहकारिता से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। देश में 75 हजार नई डेयरी समितियों की स्थापना की जाएगी। पहले से चल रही 46 हजार समितियों को और मजबूत बनाया जाएगा, इससे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे।

### सैनी की फिर तारीफ

नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा में युवाओं को योग्यता के आधार पर पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से मिल रही सरकारी नौकरिया केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने सीएम नायब सिंह सैनी की एक बार फिर प्रशंसा की। उनके नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना किसी खर्ची-पर्ची के पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता की ओर से बधाई एवं साधुवाद दिया।

### मदवि में 'खादी कारीगर महोत्सव'

केंद्रीय गृह ने मदवि में 'खादी कारीगर महोत्सव' के दौरान कहा कि कांग्रेस आजादी के बाद खादी को भूल गई जबकि उनकी सरकार ने इसे पुनर्जीवित किया और इसी का प्रतिफल है कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार 2014-15 के 33,000 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 1.70 लाख करोड़ रुपये हो गया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उसने खादी पर ध्यान नहीं दिया और इसके प्रचार-प्रसार के लिए कुछ नहीं किया।' शाह ने कहा कि जब हम खादी पहनते हैं, तो यह केवल एक पोशाक नहीं होती, बल्कि 'स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भरता' की भावना होती है। महर्षि दयानंद विवि में 2,200 से अधिक कारीगरों को 'टूल किट प्रदान किए गए।

गांधी भवन में हुआ कार्यक्रम, विजेताओं का सम्मान

# कोई कैकई नाम नहीं रखता रावण को याद नहीं करता, करें अच्छे कर्मः राज्यपाल पटेल



» ***कहा, हम सभी के लिए महात्मा गांधी का जीवन महान आदर्श***

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी को अपना जीवन अच्छा बनाना चहिए। आज कोई भी माता का कैकई नाम नहीं रखता। आज रावण का दहन है लेकिन उन्हें कोई याद नहीं करता। हर कोई आपकी अच्छी जीवन यात्रा को याद करता है। सभी युवा बापू के विचारों को अपने जीवन में उतारें और अच्छे कर्म करें। राज्यपाल पटेल गांधी जयंती के अवसर पर गांधी भवन सभागृह में आयोजित पुष्पांजलि एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थितजन को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती एवं विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। पटेल ने कहा कि गांधी जी हमारे सच्चे पथ प्रदर्शक हैं। विद्यार्थियों को उनके जीवन आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने गांधी सप्ताह अंतर्गत 'आओ जानें गांधी' प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणियों के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

### राज्यपाल ने गांधी के साथ शास्त्री को भी किया याद

राज्यपाल पटेल ने कहा कि जहां एक ओर गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और नैतिकता के बल पर हमें आजादी दिलाई और पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाया। वहीं आज के ही दिन जन्मे लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और 'जय जवान, जय किसान' का मंत्र आज भी देश की प्रेरणा है। उनका जीवन सच्चे जनसेवक का आदर्श उदाहरण है। राज्यपाल पटेल गांधी जयंती के अवसर पर गांधी भवन सभागृह में आयोजित पुष्पांजलि एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थितजन को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती एवं विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में भक्तों को सुनाएंगे हनुमंत कथा

# आज रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे कथावाचक शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अंतरराष्ट्रीय कथावाचक और बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चार अक्टूबर को सुबह दस बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

यहां पर युवा समाजसेवी चंदन-बसंत अग्रवाल और स्मृति फाउंडेशन के सदस्य उनका भव्य स्वागत करेंगे।

### भारत माता चौक पर होगा भव्य स्वागत

माना एयर पोर्ट से पं. शास्त्री जैसे ही भारत माता चौक पर पहुंचेंगे वहां भव्य स्वागत किया जाएगा। वहां से नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल के लिए निकलेंगे। गुढ़ियारी रायपुर की पावनधारा पर पहुंचते ही फूलों की वर्षा करते हुए कथा स्थल तक उनका स्वागत किया जाएगा। पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन की ओर से दही हांडी उत्सव स्थल अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लोगों को हनुमंत कथा का रसपान कराएंगे। इस दौरान दिव्य दरबार भी लगायेंगे। चार से आठ अक्टूबर तक इस स्थान पर दूसरी बार हनुमंत कथा होगी। युवा समाजसेवी चंदन-बसंत अग्रवाल (थान खम्हरिया वाले) के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बागेश्वर सरकार किसी भी दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच दिव्य दरबार लगा सकते हैं।

### कथा स्थल की तैयारियां पूर्ण

कथा स्थल की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं और इसके लिए विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने अलग-अलग जिम्मेदारी लेते हुए सेवा कर रहे है। इससे पहले चंदन- बसंत अग्रवाल, संजय दुबे प्रांत संपर्क प्रमुख, महेश बिरला रायपुर महानगर, संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुढ़ियारी नगर, संघ चालक नरेंद्र उपाध्याय,दिलीप सिंह जूदेव के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा नंदन जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता महानंद, सच्चिदानंद उपासने सहित बड़ी संख्या में पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन के सदस्यों की उपस्थिति में रविवार को कार्यालय में बैठक लेकर सेवादारों के प्रमुखों को बिल्ला और बैच प्रदान किया गया।

लोदाम थाना क्षेत्र के सांई टांगर का मामला

# ब्राउन शुगर की तस्करी करता आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर




नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। लोदाम थाना क्षेत्र के ग्राम साईं टांगर टोली में ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 19 पुड़ियों में रखी 1 ग्राम 95 मिलीग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है,जिसकी बाजार कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। यह जिले का पहला मामला है। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तकीम खान नामक व्यक्ति साईं टांगर टोली में ब्राउन शुगर बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के फूलपैंट की जेब से पीले रंग की प्लास्टिक की पन्नी में लिपटी 19 कागज की पुड़ियां बरामद हुईं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फुरकान उर्फ बिजली पुत्रः** अलदाद खान, **पताः** मकान नं. 13, गली नं. 7, कबीर नगर, दुर्गा पुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 241/15 U/s 25 Arms Act, थानाः चाँदनी महल, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फुरकान उर्फ बिजली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फुरकान उर्फ बिजली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 241/15 U/s 25 Arms Act, थानाः चाँदनी महल, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फुरकान उर्फ बिजली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–08
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13177/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. सुनील भटनागर, पुत्रः एन.के. भटनागर, 2. दिव्या भटनागर, पत्नीः सुनील भटनागर, 3. तुषार भटनागर, पुत्रः सुनील भटनागर, 4. शेर्या भटनागर, पुत्रीः सुनील भटनागर, 5. रवीन्द्र भटनागर, पुत्रः मुकेश बिहारी लाल, पताः मकान नं. 1009, जीएच–13, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 307/13, U/s: 498A/304B/406/306/34 IPC, पुलिस थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होने किये है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. सुनील भटनागर, 2. दिव्या भटनागर, 3. तुषार भटनागर, 4. शेर्या भटनागर, 5. रवींद्र भटनागर** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. सुनील भटनागर, 2. दिव्या भटनागर, 3. तुषार भटनागर, 4. शेर्या भटनागर, 5. रवींद्र भटनागर** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना रानी बाग, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. सुनील भटनागर, 2. दिव्या भटनागर, 3. तुषार भटनागर, 4. शेर्या भटनागर, 5. रवींद्र भटनागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विवेक बेनीवाल
एसीजेएम, उत्तर–पश्चिम, कमरा संख्या 101,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/13269/OD/2025


## शिक्षा, सेवा, समरसता, स्वदेशी, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन जैसे अनेक आयामों में किया कार्य

# संघ का कार्य शाखाओं तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में व्यापक हुआ



डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी
अखिल भारतीय महिला कार्य सह प्रमुख
स्वदेशी जागरण मंच

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना 1925 में डॉ. हेडगेवार ने भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने के लिए की। पिछले एक शतक में संघ का कार्य केवल शाखाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज जीवन के हर क्षेत्र में व्यापक हुआ है। संघ ने व्यक्ति निर्माण के साथ-साथ शिक्षा, सेवा, समरसता, स्वदेशी, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन और संस्कृति संरक्षण जैसे अनेक आयामों में कार्य किया है।

स्वतंत्रता संग्राम में स्वयंसेवकों ने त्याग और योगदान दिया तथा स्वतंत्र भारत में समाज को संगठित करने में भूमिका निभाई। संघ से प्रेरित अनेकों संगठन-विद्यार्थी परिषद, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, मजदूर संघ




आदि आज समाज के विविध वर्गों में कार्यरत हैं। शताब्दी वर्ष संघ की दीर्घकालीन साधना का प्रतीक है, जो आने वाले भारत के लिए सांस्कृतिक पुनर्जागरण, आत्मनिर्भरता और विश्वगुरु बनने की दिशा में समाज को नई ऊर्जा प्रदान करता है। संघ का कार्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण द्वारा समाज में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना, समाज में समरसता स्थापित कर जाति, वर्ग, प्रांत और भेदभाव मिटाना, भारत की सनातन संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण व प्रसार करना, सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ना, भारत को 'विश्वगुरु' के रूप में पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए राष्ट्रीय संगठन शक्ति को सुदृढ़ करना है। संघ अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफलता की ओर अग्रसर है भारत माता की जय हो। **वंदे मातरम...**

## चिंतन

# पुतिन ने ट्रंप के जख्मों पर नमक छिड़क दिया

अमेरिका लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में जुटा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिससे भारत के हितों को सीधा नुकसान हो। पहले अमेरिका जाने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद एचबी-1 वीजा नियमों को दुश्वर कर सीधे-सीधे भारत को प्रभावित करने का ही प्रयास था। इसके अलावा दवाओं पर टैरिफ और फिल्मों पर टैक्स लगाने के पीछे भी भारत को नुकसान पहुंचाने का ही इरादा नजर आता है, लेकिन भारत ने ट्रंप प्रशासन के हर कदम पर संतुलित टिप्पणी की। अमेरिका लगातार दबाव बना रहा है कि जब तक भारत रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा तब तक भारत पर लगे टैरिफ वापस नहीं होंगे। अब ट्रंप के इन कदमों का जवाब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिया है। उन्होंने साफ कर दिया कि भारत झुकने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। उन्होंने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन केवल यही तक नहीं रुके, उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि रूस भारत और चीन जैसे देशों का आभारी है जिन्होंने ब्रिक्स की स्थापना की। ये ऐसे देश हैं जो किसी का पक्ष नहीं लेते और सच में ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश करते हैं, जहां सबको न्याय मिले। पुतिन का यह कथन भारत का समर्थन करने वाला तो है, साथ ही अमेरिका और ट्रंप प्रशासन को खीजाने वाला भी है। डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर शांति का नोबेल पुरस्कार पाना चाहते हैं। ट्रंप के पिछले कई बयानों से साफ नजर आ रहा है कि वह नोबेल प्राइज पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। रूस और यूक्रेन की जंग भी पुतिन इसलिए शांत कराना चाहते हैं कि इसका क्रेडिट लेकर वह नोबेल पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत कर सकें, लेकिन पुतिन ट्रंप की किसी भी शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। यूक्रेन से जंग पुतिन अपनी शर्तों पर खत्म करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की इसके लिए राजी नहीं है। उधर इजराइल-फिलीस्तीन जंग रुकवाने पर हमास भी उनकी शर्ते मानने को तैयार होता नजर नहीं आ रहा। यहां भी उन्हें जोर का झटका लगता नजर आ रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने तो उनका नाम नोबेल के लिए प्रस्तावित किया है, ये दोनों युद्ध उनके सपने को चूर-चूर करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुतिन के कड़वे कथन जले पर नमक छिड़कने जैसे हैं। इससे ट्रंप कुछ और कदम उठा सकते हैं, जैसे यूरोपीय देशों पर इस बात के लिए दबाव बना सकते हैं कि वे भी भारत पर टैरिफ लगाएं। इसके पीछे ट्रंप ये वजह बता सकते हैं कि रूस अब खुलकर भारत का समर्थन कर रहा है। पहले ही नाटो चीफ भारत के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। वैसे भी वो यूरोपियन देशों को पत्र लिखकर रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का आग्राह कर चुके हैं। अब भारत को भी वो साथ लपेट सकते हैं। हां, पुतिन ने एक बात बिलकुल सही कही कि अमेरिका भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। अमेरिका ने इसका जवाब ही नहीं दिया। अब जबकि पुतिन ने कहा है तो पूरी दुनिया में संदेश जाएगा कि अमेरिका हर काम केवल और केवल अपने स्वार्थ के लिए करता है। इसके अलावा कुछ नहीं।



आर्थिकी
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी 'शटडाउन'

**अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।**

अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल, शटडाउन वह स्थिति है जब सरकार अपने खर्चों के लिए आवश्यक बजट पास नहीं कर पाती और उसके कई विभाग तथा सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी जाती हैं। इस दौरान केवल जरूरी सेवाएं जैसे सुरक्षा, आपातकालीन अस्पताल, और सेना चालू रहती हैं, जबकि गैर-जरूरी सरकारी कार्यालय और योजनाएं बंद हो जाती हैं। सरकारी कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर चले जाते हैं और जनता को भी कई सरकारी सुविधाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलता। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। दुनिया में ऐसा अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हुआ है। ये अलग बात है कि शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। अन्य देशों में ऐसी स्थिति कम होती है या इसे वित्तीय गतिरोध का नाम दिया जाता है।

अमेरिका में शटडाउन का इतिहास काफी लंबा है। पहली बार 1980 में यह स्थिति बनी थी और उसके बाद से कई बार सरकारें बंद होने के कगार पर पहुंची या वास्तविक रूप से ठप हुई हैं। वर्ष 1995-96 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और रिपब्लिकन पार्टी के बीच टकराव इतना गहरा गया कि 21 दिनों तक सरकारी कामकाज प्रभावित रहा। यह उस समय तक का सबसे लंबा शटडाउन था, जिसने अमेरिकी जनता को झकझोर दिया। इसके बाद 2013 में बराक ओबामा के कार्यकाल में स्वास्थ्य बीमा योजना 'ओबामाकेयर' को लेकर विवाद हुआ और 16 दिनों तक सरकारी तालेबंदी चली। फिर 2018-19 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विपक्ष के बीच मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए फंडिंग को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि सरकार 35 दिनों तक बंद रही। यह अब तक का सबसे लंबा और सबसे महंगा शटडाउन साबित हुआ, जिससे न केवल अमेरिकी कर्मचारियों की जेब खाली हुई, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था भी हिल गई थी। शटडाउन केवल बजट का संकट नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति की खींचतान और समझौते की विफलता का प्रतीक है। 2018-19 के शटडाउन में आठ लाख से अधिक कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ा था। इस बार अमेरिका में संघीय सरकार का शटडाउन 1 अक्टूबर, 2025 को सुबह 12:01 बजे शुरू हुआ। यह शटडाउन कांग्रेस में बजट को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच जारी गतिरोध के कारण हुआ। रिपब्लिकन ने स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी में कटौती और विदेशी सहायता में कमी की योजना बनाई थी, जबकि डेमोक्रेट्स ने इन प्रस्तावों का विरोध किया। इस राजनीतिक असहमति के कारण सरकार का बजट पास नहीं हो सका, जिससे शटडाउन की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके परिणामस्वरूप लगभग 800,000 संघीय कर्मचारी अस्थायी रूप से छुट्टी पर भेजे गए, जबकि 700,000 से अधिक कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, यह शटडाउन अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रति सप्ताह $7 से $15 बिलियन का



नुकसान पहुंचा सकता है, जिसमें जीडीपी में 0.1% की गिरावट और 43,000 अतिरिक्त बेरोजगार शामिल हैं। यदि यह शटडाउन लंबा चलता है, तो यह उपभोक्ता खर्च, निवेशक विश्वास और नीति निर्माण पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। इस तरह के शटडाउन का असर केवल अमेरिकी समाज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। सबसे पहले तो वहां के कर्मचारी और आम लोग प्रभावित होते हैं, जहां लाखों परिवारों का मासिक बजट डगमगा जाता है। कई छोटे व्यवसाय, जो सरकारी अनुबंधों पर निर्भर हैं, दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच जाते हैं और नागरिक सुविधाएं ठप हो जाती हैं। शिक्षा और अनुसंधान जैसे क्षेत्र बुरी तरह बाधित होते हैं, नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के मिशन स्थगित हो जाते हैं तथा पासपोर्ट और वीज़ा सेवाएं रुकने से विदेश यात्रा पर असर पड़ता है। जैसे-जैसे शटडाउन लंबा चलता है, अमेरिका की जीडीपी पर नकारात्मक असर बढ़ने लगता है। अमेरिकी कांग्रेस की बजट ऑफिस के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के शटडाउन में ही देश को लगभग 11 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ था। विदेशी निवेशक असमंजस में रहते हैं और वॉल स्ट्रीट में गिरावट या उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर शटडाउन तीन सप्ताह से अधिक चलता है, तो यह तिमाही जीडीपी वृद्धि दर को आधा प्रतिशत तक घटा सकता है, लेकिन यह प्रभाव केवल अमेरिकी अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहता। अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आयात-निर्यात का प्रमुख केंद्र है। वहां का संकट वैश्विक बाजार को झकझोर देता है। जब अमेरिकी शेयर बाजार नीचे जाता है, तो उसकी गूंज यूरोप और एशिया तक सुनाई देती है। डॉलर की अस्थिरता अन्य मुद्राओं को भी प्रभावित करती है। तेल के दामों पर असर पड़ता है, क्योंकि अमेरिका सबसे बड़ा उपभोक्ता है। विकासशील देशों में आईटी, निर्यात और सेवा क्षेत्र अमेरिका पर निर्भर रहते हैं। भारत की आईटी कंपनियां, जो अमेरिकी अनुबंधों पर आधारित हैं, भुगतान और परियोजनाओं में देरी से प्रभावित होती हैं। इसके अलावा, वीज़ा और इमिग्रेशन सेवाओं के ठप होने से छात्रों और पेशेवरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। विदेशी निवेश की रफ्तार भी धीमी हो जाती है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि यहां का बड़ा आईटी उद्योग अमेरिकी कंपनियों से जुड़ा हुआ है। जब अमेरिका में शटडाउन होता है, तो सरकारी अनुबंधों पर काम करने वाली भारतीय कंपनियों को भुगतान मिलने में देर होती है। यही कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था भी परोक्ष रूप से इस संकट से प्रभावित होती है। जब अमेरिका आंतरिक संकट में उलझता है, तो उसकी वैश्विक सक्रियता घट जाती है। शटडाउन से बचने के उपायों पर लगातार चर्चा होती रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका को अपनी बजट प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए और अस्थायी फंडिंग के बेहतर इंतजाम करने चाहिए, ताकि गैर-जरूरी सेवाएं भी रुकें नहीं। इस पूरे परिदृश्य से यही संदेश मिलता है कि शटडाउन अमेरिकी लोकतंत्र का वह चेहरा है, जहां राजनीति और प्रशासन आमने-सामने आ जाते हैं और जनता के हित पीछे छूट जाते हैं। अस्थायी समझौते निकल भी जाएं, लेकिन समस्या की जड़ तब तक बनी रहती है, जब तक कि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी। अमेरिका वैश्विक नेतृत्व करता है, इसलिए वहां का संकट दुनिया की अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों को प्रभावित करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

( लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सलाह
डॉ. मोनिका शर्मा



# मैट्रिमोनियल साइट्स पर सजगता आवश्यक

हाल ही में बिलासपुर में एक उनतीस वर्षीय इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना वैवाहिक रिश्ते जोड़ने वाली साइट्स पर सतर्कता बरतने की चेतावनी देती है। आत्महत्या करने वाले युवा के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि उसे प्यार में धोखा मिला। झूठे दुष्कर्म के मामले ने उसके जीवन को बिखेर दिया। ध्यातव्य है कि मैट्रिमोनियल साइट शादी डॉट कॉम के जरिए दिल्ली की एक युवती से पहचान के बाद दोनों में करीबी रिश्ता बना था। नजदीकियां बढ़ने के बाद अचानक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया था। दुष्कर्म के मामले में युवक को जेल जाना पड़ा। जमानत पर छूटने के बाद से ही वह गहरे तनाव में था। परिचितों के अनुसार जमानत के बाद से ही मिलनसार और सहज व्यक्तित्व वाले इस युवा को मानसिक रूप से बेहद परेशान, उदास और अकेलेपन के घेरे में देखा।


ऐसे में सम्बन्धों के जुड़ने या टूटने के दौर में मानसिक उलझनों के घेरे से लेकर झूठे आरोपों के जाल तक, यह मामला सतर्क रहने की बात लिए है। वस्तुतः, मैट्रिमोनियल साइट्स पर धोखाधड़ी, शोषण और झूठी पहचान के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी ठगी का शिकार बनती हैं। बीते दिनों पुणे में पच्चीस वर्षीय महिला डॉक्टर ने भी शादी का झूठा वादा करने वाले व्यक्ति के झांसे में आकर आत्महत्या की थी। ज्ञात हो कि पहले से शादीशुदा आरोपी ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर खुद को अविवाहित बताकर अपनी प्रोफाइल बनाई और महिला के साथ संबंध बनाए। साथ ही झूठे झांसे में लेकर उससे 10 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। मैट्रिमोनियल साइट्स पर युवतियों के साथ झूठी पहचान बताकर शोषण और पुरुषों के साथ ठगी एवं झूठे मामले दर्ज करवाने के वाकये इन साइट्स पर होने वाली जालसाजी को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। कई लोग तो छल-कपट कर शादी तक कर लेते हैं। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि मैट्रिमोनियल साइट पर जानबूझकर वैवाहिक स्थिति को गलत तरीके से पेश करना शादी को रद्द करने का एक वैध आधार है। इस मामले में एक महिला की याचिका में कहा गया था कि पति ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर 'कभी विवाहित नहीं' बताकर न केवल अपने पहले विवाह की बात छिपाई बल्कि अपनी कमाई भी बढ़ा-चढ़ाकर बताकर धोखाधड़ी की। विवाह को रद्द करते हुए न्यायालय ने कहा कि किसी की मैरिटल हिस्ट्री को जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत करना कोई मामूली चूक नहीं है, बल्कि विवाह की जड़ तक पहुंचने वाले तथ्यों को स्पष्ट रूप से छिपाना है।' बीते कुछ वर्षों में बिखरती सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग मैट्रिमोनियल साइट्स के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश करने लगे हैं। परिचित सगे-संबंधियों से अलग ऑनलाइन वेबसाइट या ऐप रूपी वैवाहिक साइट्स पर अनजाने चेहरों के लिए सच छिपाना आसान होता है। इसी के चलते वर्चुअल संसार में झूठी घोषणाएं कर ख़ूब जालसाजी की जाती हैं। इतना ही नहीं, बहुत से मैट्रिमोनियल साइट्स डेटिंग एप्स भर बनकर रह गए हैं।

कई युवक-युवतियां इरादतन दूसरों को गुमराह करने के लिए ही अपनी प्रोफाइल बनाते हैं। विवाह जैसे संवेदनशील मामले में भावनात्मक मोर्चे पर भी लोगों के साथ खूब फरेब किया जाता है। कुछ समय पहले पुणे की एक उच्च शिक्षित युवती से शादी के नाम पर 3.16 करोड़ रुपये की ठगी की गई। मैट्रिमोनियल साइट पर पहचान होने के बाद आरोपी ने खुद को विदेश की नामी कंपनी का सीईओ बताया और व्हाट्सएप कॉल्स के माध्यम से नजदीकियां बढ़ाईं। युवती द्वारा शादी का फैसला किए जाने के बाद भरोसे का फायदा उठाकर बीमारी और कर्ज चुकाने के नाम पर रुपए ऐंठने की यह जालसाजी की। असल में वैवाहिक संबंध जोड़ने वाले हर प्लेटफॉर्म पर जीवनसाथी ढूंढते हुए सजग रहना बेहद आवश्यक है।

इन वर्चुअल मंचों पर मौजूद हर प्रोफाइल विश्वसनीय नहीं होती। आरोप-प्रत्यारोप के खेल से बचने के युवक-युवतियां अपने परिजनों को भी मैट्रिमोनियल साइट्स पर किसी के साथ हो रही बातचीत की जानकरी दें। इतना ही नहीं, बात आगे बढ़ने पर व्यक्तिगत रूप मिलने के दौरान भी अपनों का साथ आवश्यक है। वैवाहिक सम्बन्धों के मामले में स्वजनों का साथ न केवल सुरक्षा, संबल और सही सलाह के लिए बल्कि किसी तरह की जालसाजी से बचने के लिए भी जरूरी है ।

( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**महात्मा गांधी जी के आदर्श**

राजनेताओं और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से गांधी जयंती मनाई और दूसरों को नसीहत देते हुए कहा कि हमें गांधी की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में अपनाना चाहिए। लेकिन इनमें से ही कई राजनेता और अन्य लोग गांधी जी की राह पर नहीं चलते होंगे। महात्मा गांधी सभी पंथों का सम्मान करते थे, तभी तो कहते थे कि 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान।' उन्होंने हर धर्म, जाति को आपस में जोडने का काम किया था। लेकिन फिर भी महात्मा गांधी ने राष्ट्रवाद पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रवादी होना गर्व की बात है। उनके अनुसार राष्ट्रवादी हमेशा जात, धर्म और नस्ली भेदभाव से ऊपर की सोच रखता है। हमारे देश में बुराइयों की मुख्य वजह हमारा स्वार्थ भी है।

- **प्रकाश पटेल**, धमतरी

## करंट अफेयर

# लंदन में गांधीजी की विरूपित प्रतिमा फिर से हुई पूर्व जैसी



लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के चबूतरे को कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाये जाने के बाद, गुरुवार को गांधी जयंती पर वार्षिक समारोह के आयोजन से ठीक पहले फिर से पूर्व जैसा कर दिया गया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि प्रतिमा को विरूपित करने के बाद स्थानीय समुदाय का एकजुट होना, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के समय एक प्रेरणादायक संदेश का प्रतीक है। इस घटना की सूचना रविवार शाम मेट्रोपोलिटन पुलिस को दी गई थी। दोरईस्वामी के साथ, 50 वर्ष पहले इस प्रतिमा की स्थापना में सहयोग करने वाले 'इंडिया लीग' के सदस्य तथा स्थानीय कैमडेन काउंसिल के मेयर भी थे जो इस स्मारक की देखभाल करते हैं। दोरईस्वामी ने कहा, ''यह कार्यक्रम आज होना खास तौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस है, जो गांधी जयंती भी है। साथ ही, कुछ दिन पहले प्रतिमा और उसके चबूतरे के साथ जो कुछ किया गया, वह भी इसका कारण है।'' उन्होंने कहा, /"यह विशेष रूप से दुखद है, क्योंकि यह प्रतिमा इस स्थान पर 50 वर्षों से अधिक समय से है और यह भारत-ब्रिटेन मैत्री का हिस्सा रही है।/"

## ऑफ बीट

# हमें युवाओं को एआई युग में देखना सिखाना होगा




बच्चे शब्दों को दृश्यों के साथ जोड़ना, अमूर्त अवधारणाओं को व्यक्त करना, और यह पहचानना सीखते हैं कि विभिन्न स्थितियों में चित्र, प्रतीक और डिज़ाइन कैसे अर्थ रखते हैं। लेकिन जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एक ऐसा सॉफ्टवेयर है जो उपयोगकर्ता के संकेतों के आधार पर सामग्री बनाता है। जेनरेटिव एआई अब इन मूलभूत कौशलों को नया रूप दे रहा है। एआई लोगों के टेक्स्ट और चित्र दोनों को बनाने, संपादित करने और प्रस्तुत करने के तरीके को बदल रहा है। दूसरे शब्दों में, यह हमारे देखने के तरीके को बदलता है – और यह भी कि हम कैसे तय करते हैं कि क्या वास्तविक है। उदाहरण के लिए, तस्वीरों को पहले वास्तविकता का "दर्पण" माना जाता था। अब अधिक से अधिक लोग इन्हें एक "निर्मित" यथार्थ के रूप में देख रहे हैं। इसी तरह, जनरेटिव एआई ने छवियों की प्रामाणिकता को लेकर लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को चुनौती दी है। ऐसी एआई निर्मित तस्वीरें फोटोरियलिस्टिक लग सकती हैं, लेकिन वे घटनाएँ या वस्तुएँ वास्तव में अस्तित्व में नहीं होतीं। जर्नल ऑफ विज़ुअल लिटरेसी में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने एआई आधारित छवि निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आवश्यक प्रमुख साक्षरताओं की पहचान की है – एआई टूल के चयन से लेकर सामग्री निर्माण और परिष्करण तक।

## ट्रेंड

### स्वदेशी तकनीक



तेजस लड़ाकू विमान हो, आकाश मिसाइल हो, अर्जुन टैंक हो या प्रचंड हेलीकॉप्टर- हमारी सेनाओं की ताकत स्वदेशी तकनीक से निरंतर बढ़ रही है। भारत अब रक्षा निर्यात में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज भारत विश्व का उभरता हुआ हथियार सप्लायर बन रहा है।

- **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### मेरी संवेदनाएं



भोपाल, मध्यप्रदेश में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु, जिनमें अधिकतर बच्चे हैं, अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### दिल्ली को कूड़े से आज़ादी



'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान ने हमें यह सिखाया है कि स्वच्छता सिर्फ कचरा हटाने का काम नहीं, बल्कि हमारी सोच, हमारी संस्कृति और जिम्मेदारी का हिस्सा है। दिल्ली की यह जागृति ही आगे विकसित भारत का मार्ग बनेगी।

- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### भाजपा सरकार नाकाम



आगरा में मूर्ति विसर्जन जैसे पावन अवसर पर एक बार फिर से सरकारी व्यवस्था की कमी की वजह से कई लोगों को अपनी जान गँवानी पड़ी है। बड़े आयोजनों से इंतज़ाम करने में भाजपा सरकार हमेशा नाकाम क्यों रहती है।

- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कर्नाटक की '5 गारंटियों' ने बदली तस्वीरः महिलाओं में आत्मनिर्भरता, निवेश व अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चार प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त स्वतंत्र अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि इन योजनाओं ने महिलाओं, परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर गहरा और सकारात्मक प्रभाव डाला है।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई पाँच गारंटियों ने सिर्फ़ दो साल में राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। कांग्रेस महासचिव (संचार) और सांसद जयराम रमेश ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि चार प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त स्वतंत्र अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि इन योजनाओं ने महिलाओं, परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर गहरा और सकारात्मक प्रभाव डाला है।

### 'शक्ति' योजनाः महिलाओं को रोज़गार और आत्मविश्वास

राज्य सरकार की "शक्ति" योजना के तहत महिलाओं को राज्य की बसों में मुफ़्त यात्रा की सुविधा दी गई है। अध्ययन के अनुसार 19 फ़ीसदी महिला लाभार्थियों को इस सुविधा से रोज़गार या बेहतर नौकरी मिली। बेंगलुरु शहरी ज़िले में यह आँकड़ा और भी अधिक 34 फ़ीसदी तक पहुँचा। 80 फ़ीसदी महिलाओं ने कहा कि अब उनकी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान हो गई है।72 फ़ीसदी महिलाओं ने माना कि इस योजना से उनका आत्मविश्वास और सशक्तिकरण बढ़ा है। यह योजना ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 'गृह लक्ष्मी' योजनाः महिला मुखिया के हाथों में आर्थिक शक्ति

जयराम ने कहा, हर परिवार की महिला मुखिया को 2,000 की मासिक सहायता देने वाली इस योजना का असर भी व्यापक है। 94 फीसदी महिलाओं ने इस राशि से आहार और पोषण में सुधार किया।90 फीसदी ने स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया। लगभग 50 फीसदी ने बच्चों की शिक्षा में निवेश किया।महिलाएँ अब इस राशि को केवल खर्च नहीं कर रहीं, बल्कि परिवार की दीर्घकालिक भलाई और भविष्य को ध्यान में रखकर निवेश के रूप में देख रही हैं।

### 'अन्न भाग्य' योजनाः भूख पर काबू और पोषण में सुधार

मुफ़्त चावल उपलब्ध कराने वाली इस योजना का लाभ 94 फ़ीसदी परिवारों को मिला। 91 फ़ीसदी परिवारों ने कहा कि अब वे सब्ज़ियाँ, दूध और अन्य पोषक आहार पर अधिक खर्च कर पा रहे हैं क्योंकि अनाज की ज़रूरत सरकार पूरी कर रही है। यह योजना न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है बल्कि गरीब परिवारों को बेहतर पोषण अपनाने में भी सक्षम बना रही है।

"गृह ज्योति" योजनाः रोशनी के साथ बढ़ी जीवन की गुणवत्ता

प्रत्येक घर को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने वाली योजना के तहत 72 फीसदी महिला लाभार्थियों ने बताया कि अब वे बिजली का अधिक उपयोग कर पा रहे हैं।43 फीसदी परिवारों ने नए घरेलू उपकरण खरीदे, जिससे जीवन आसान हुआ और समय की बचत हुई। यह योजना घरों में सुविधा, आराम और आधुनिकता का स्तर बढ़ा रही है।

### 'युवा निधि' योजनाः युवाओं को रोजगार की राह

बेरोज़गार युवाओं के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता का भी असर स्पष्ट है।42 फीसदी युवाओं ने बताया कि उन्होंने इस धनराशि का उपयोग कौशल विकास और नौकरी पाने के प्रयासों में किया।यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ राज्य के रोजगार परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

### समग्र प्रभावः सशक्त महिलाएं, निवेश करते परिवार और मज़बूत अर्थव्यवस्था

जयराम ने दावा किया कि कर्नाटक की महिलाएँ अब अधिक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और गतिशील हो गई हैं।परिवार स्वास्थ्य और शिक्षा में दीर्घकालिक निवेश कर रहे हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था मज़बूत हुई है क्योंकि ज़मीनी स्तर पर मांग में वृद्धि दर्ज की गई है।

जयराम रमेश ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की पाँच गारंटियाँ केवल कल्याणकारी योजनाएँ नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास की मज़बूत नींव हैं। ये नीतियाँ दिखाती हैं कि जब सरकार लोगों के जीवन में ठोस निवेश करती है, तो बदलाव गहरे और स्थायी होते हैं।

## खबर संक्षेप

### तिरुपति में आतंकवादी हमले की धमकी



**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में शुक्रवार को आतंकी हमले की धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। पूरे जिले में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और कई जगहों पर जांच की गई है। कोई संदिग्ध चीज बरामद नहीं की गई है। अज्ञात लोगों ने धमकी भरे ईमेल भेजकर दावा किया है कि आतंकी साजिश कर रहे हैं।

### मणिपुर, अरुणाचल नगालैंड में अफ्सफा बढ़ा





**नई दिल्ली।** मणिपुर समेत उत्तर पूर्वी भारत के कई राज्यों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को 6 महीने के अतिरिक्त समय के लिए बढ़ा दिया गया है। इस लिस्ट में नागालैंड और अरूणाचल प्रदेश का नाम भी शामिल है। गृह मंत्रालय ने इस पर नोटिस जारी करते हुए बताया कि उत्तर पूर्वी राज्यों के अशांत" इलाकों में अफ्सफा लागू रहेगा।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया बाबा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में 17 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपीस्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। उसे यूपी के होटल फर्स्ट ताजगं से गिरफ्तार किया गया था।वह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 3 बच्चों का गला घोंटा पिता ने की खुदकुशी



**फरीदाबाद।** धौज थाना इलाके के नेकपुर गांव में 3 बच्चों का कर्मवीर ने गला घोंट दिया। उन्हें मरा समझकर खुद भी फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह 5 बजे परिवार के अन्य लोगों ने देखा तो 8 साल के निशांत व 6 साल की सृष्टि की सांसें चल रही थीं। एक बेटे और बेटी की मौत हो गई।

## करूर हादसे पर एक्टर विजय को हाईकोर्ट ने फटकारा

# घटनास्थल से भागे क्यों? यह आपकी मानसिकता को दर्शा रहा, हाइवे के पास नहीं होगी रैली

अदालत ने कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है।

### एसआईटी करेगी मामले की जांच, पार्टी से जवाब भी मांगा



एजेंसी ⏭ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने करूर भगदड़ के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है। न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार ने टिप्पणी की कि भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई और इसका गलत तरीके से प्रबंधन किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य विजय के प्रति नरमी दिखा रहा है, जबकि सभी ने वीडियो-तस्वीरें देखी हैं। अदालत ने आयोजकों और पुलिस, दोनों से जवाब मांगा कि जिम्मेदारी किसकी है? न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि एक इवेंट आयोजक होने के नाते क्या आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? अदालत ने इस पर गहरी नाराजगी जताई कि राज्य विजय के प्रति नरमी बरत रहा है और टिप्पणी की कि घटना के वक्त विजय भगदड़ स्थल से भाग गए। कोर्ट ने कहा कि टीवीके ने पछतावा तक नहीं जताया।

### पार्टी बोली- नुकसान पहुंचाने का नहीं था इरादा

*कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी टीवीके ने हादसे के बाद शोक तक नहीं जताया, यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण*



वरिष्ठ अधिवक्ता वी. राघवाचारी, जो आनंद और निर्मल कुमार ने कहा, याचिकाकर्ताओं का अपने ही कार्यकर्ताओं को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था और इस घटना को गैर-इरादतन हत्या के रूप में नहीं देखा जा सकता।उन्होंने पुलिस पर पर्याप्त सुरक्षा न देने का आरोप लगाया और कहा कि स्थल याचिकाकर्ताओं ने नहीं चुना था। उन्होंने कहा कि अगर वेलुसामिपुरम आपत्तिजनक था, तो पुलिस को याचिकाकर्ताओं का अनुरोध खारिज कर देना चाहिए था।

### एसआईटी के गठन का दिया आदेश

पीठ ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी ) के गठन का आदेश दिया, जो इस घटना की जांच करेगा। साथ ही, अदालत ने टीवीके नेताओं बुसी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को व्यापक दिशा-निर्देश या मानक संचालन प्रक्रिया तैयार होने तक रोड शो की अनुमति न देने का अनुरोध किया गया है।

### टीवीके ने भीड़ को गुमराह किया अतिरिक्त महाधिवक्ता

अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविंद्रन ने इसका विरोध करते हुए कहा कि टीवीके ने भीड़ को गुमराह किया। पार्टी ने ट्वीट कर कहा था कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा, जबकि पुलिस ने अनुमति दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक के लिए दी थी.उन्होंने यह भी बताया किटीवीके रैली के लिए 559 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जबकि कुछ दिन पहले उसी स्थल पर एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के अभियान के लिए केवल 137 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### लाठीचार्ज की जरूरत क्यों पड़ी?

अधिवक्ता राघवाचारी ने दावा किया कि भीड़ केवल लाठीचार्ज के बाद बेकाबू हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे हालात में लाठीचार्ज की जरूरत ही क्यों पड़ी? याचिकाकर्ताओं ने सभी नियमों का पालन किया और अनुमति केवल कार्यक्रम से एक दिन पहले ही दी गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने की पूरी जिम्मेदारी राज्य की थी। रैली पूरी तरह से व्यवस्थित थी ।। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भीड़ पर रसायन फेंके गए, जिससे लोग बेहोश हो गए। वकील ने इस बात पर जोर दिया कि आधिकारिक आयोजक मथियाझगन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बड़ी रैलियों पर अदालत ने लगाया प्रतिबंध

मद्रास हाई कोर्ट ने रैलियों और जनसभाओं को लेकर सख्ती दिखाई है। अदालत ने कहा है कि अब हाईवे के पास बड़ी जनसभाएं नहीं होंगी। अदालत ने यह भी कहा है कि जहां भी रैलियां आयोजित की जाएं, वहां पीने का पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं हर हाल में होनी चाहिए।अदालत ने यह आदेश हाल ही में टीवीके के प्रमुख विजय की रैली में हुई भगदड़ से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। मदुरै बेंच के जज एम. धंडापानी और एम. ज्योति रमण ने यह अंतरिम आदेश शुक्रवार को सुनाया।

### विजय अहंकारी और पैसों के भूखेः स्टालिन

करूर भगदड़ मामले पर आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। अब डीएमके पार्टी ने टीवीके नेता और फिल्म अभिनेता विजय पर तीखा हमला बोला है।



डीएमके ने अपने मुखपत्र मुरासोली में प्रकाशित एक लेख में विजय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विजय ने जो वीडियो जारी की है, वह उनके अहंकार, पैसे-प्रचार की भूख और सत्ता पाने की चाह को दिखाती है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने कफ सिरप पर कहा

# कुछ भी खतरनाक नहीं मिला, अभी जांच जारी'

- मप्र के छिंदवाड़ा और राजस्थान में कफ सिरप पीने से 11 मासूमों की मौत का मामला
- बच्चों को कफ सिरप देने को लेकर भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राजस्थान और मध्य प्रदेश में बच्चों की मौतों को लेकर कफ सिरप पर उठे सवालों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जांच में किसी भी सैंपल में डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे खतरनाक केमिकल नहीं मिले। दावा है कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और राजस्थान में कफ सिरप पीने से 11 मासूमों की मौत हुई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और राज्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर कई सैंपल कलेक्ट किए। रिपोर्ट में साफ हुआ कि किसी भी कफ सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल मौजूद नहीं था। ये ऐसे केमिकल हैं, जो किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचाने के लिए जाने जाते हैं। मध्य प्रदेश राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एसएफडीए) ने भी तीन सैंपल का परीक्षण किया और डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल की अनुपस्थिति की पुष्टि की।

### एक्सपर्ट्स की टीम जांच कर रही

हालांकि, एनआईवी पुणे में की गई जांच में एक मामले में लेप्टोस्पायरोसिस पॉजिटिव पाया गया है। साथ ही पानी, मच्छर वाहकों और श्वसन संक्रमण से जुड़े सैंपलों की जांच अभी जारी है। एनसीडीसी, एनआईवी, आईसीएमआर, एम्स नागपुर और राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के विशेषज्ञों की टीम रिपोर्ट किए गए मामलों के सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है।

### डीजीएचएस ने एडवाइजरी जारी की

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के डीजीएचएस ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 5 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप देने में सावधानी बरतने की सलाह दी है। इसमें कहा है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और जुकाम की दवा बिल्कुल न दी जाए। 5 साल से छोटे बच्चों को सिरप देने से पहले डॉक्टर द्वारा क्लीनिकल मूल्यांकन किया जाए। पहला विकल्प हमेशा गैर-दवा उपाय हो। पर्याप्त पानी, आराम और सहायक देखभाल बेहतर है। सभी स्वास्थ्य संस्थान और क्लीनिक केवल गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस के तहत बनी और सुरक्षित फार्मास्यूटिकल ग्रेड सामग्री से तैयार दवाओं का ही उपयोग करें। डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को संवेदनशील और जागरूक करने की जरूत है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय का बयान

राजस्थान में दूषित कफ सिरप पीने से बच्चों की हुई मौतों की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि राजस्थान में बच्चों की मौत के मामले में जिस कफ सिरप का जिक्र है, उसमें भी प्रोपाइलीन ग्लाइकोल नहीं पाया गया। इसके साथ ही बताया गया कि यह उत्पाद डेक्सट्रोमेथॉर्फन आधारित फार्मूलेशन है, जिसे बच्चों के लिए (बाल चिकित्सा उपयोग) अनुशंसित नहीं किया जाता।

# सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिए भारत के वैश्विक केंद्र बनने की बड़ी संभावनाः जितेंद्र सिंह

**कहा, भारत का 12 अरब डॉलर का चिकित्सा-प्रौद्योगिकी क्षेत्र 2030 तक बढ़कर 20 अरब डॉलर का हो जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है। भारत का 12 अरब डॉलर का चिकित्सा-प्रौद्योगिकी क्षेत्र 2030 तक बढ़कर 20 अरब डॉलर का हो जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को किफायती मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने के लिए श्री चित्रा तिरुनल आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एससीटीआईएमएसटी) तिरुवनंतपुरम की सराहना की। उन्होंने इन स्वदेशी नवाचारों के बारे में जागरूकता के साथ ही उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

सिंह ने 'आत्मनिर्भरता के लिए नवाचार - स्वदेशी चिकित्सा उपकरण विकास के साथ स्वास्थ्य सेवा में तेजी - श्री चित्रा का योगदान' विषय पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा एससीटीआईएमएसटी ने जीवन रक्षक प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं, लेकिन इनके व्यापक उपयोग और जन जागरूकता सुनिश्चित करने और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि संस्थान को दिल्ली जैसे केंद्रीय स्थानों पर अपने उपकरणों का प्रदर्शन करना चाहिए, जिसमें नागरिक समाज और हितधारकों को शामिल किया जाए, ताकि इसके लाभों के बारे में उन्हें बेहतर जानकारी मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एससीटीआईएमएसटी का योगदान आयात पर निर्भरता कम करके प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण, हृदय वाल्व और एमआरआई-संगत शंट जैसे उपकरणों के निर्यात द्वारा विश्वबंधु भारत और निजी क्षेत्र में राजस्व सृजन और उद्योग साझेदारी के माध्यम से विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। संस्थान पहले ही दो लाख से ज़्यादा मरीज़ों को हृदय वाल्व और लगभग 2,000 मरीज़ों को उन्नत शंट उपलब्ध करा चुका है, जबकि हेमोस्टेसिस पैच जैसे नवाचार आघात और युद्धक्षेत्र देखभाल में महत्वपूर्ण साबित हुए हैं। ऐसी उपलब्धियों को अक्सर प्रमुख अस्पतालों में भी कम ही पहचाना जाता है। उन्होंने इन्हें व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के लिए उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डीएसटी के पूर्व सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा, डीएसटी के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, एससीटीआईएमएसटी के अध्यक्ष प्रोफेसर क्रिस गोपालकृष्णन, एससीटीआईएमएसटी के निदेशक डॉ. संजय बिहारी,वैज्ञानिक व उद्योग साझेदार मौजूद थे।

## सुधांशु ने कोलंबिया में नेता प्रतिपक्ष की प्रतिभा पर उठाए सवाल

# राहुल खराब कर रहे देश की छवि, कौन सा 'ज्ञान' दे रहे?

### उनमें कौन सी बड़ी खूबी विदेश के विवि बुला रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। सुधांशु ने कहा कि सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता।

### भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें कर रहे

त्रिवेदी ने कहा कि देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। सवाल यह उठता है कि गांधी जब विदेश जाते हैं तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन परकेस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष 4देशों में शामिल है क्यों नहीं दिखाई देता है? उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं।



### कोलंबिया में बिक रहीं भारतीय बाइक्स की राहुल ने की तारीफ

राहुल ने भारतीय दोपहिया वाहन कंपनियों बजाज, हीरो और टीवीएस की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों की सफलता दिखाती है कि भारतीय कंपनियां इनोवेशन (नवाचार) के दम पर जीत सकती हैं, न कि भाई-भतीजावाद से।

### राहुल ने बताया-बाइक से भारी क्यों होती है कार? भाजपा का तंज



कोलंबिया में राहुल ने वहां पर मौजूद लोगों से कुछ सवाल किए, इस सवाल पर बीजेपी ने तंज कसा है। राहुल ने कोलंबिया में कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि एक बाइक का वजन 100 किलो क्यों होता है जबकि एक कार का वजन 3,000 किलो होता है? उन्होंने इसके पीछे का लॉजिक भी समझाया। राहुल के इस बयान को भाजपा ने बकवास करार दिया है।

### कार का इंजन टक्कर लगने पर ले लेता है जान

राहुल ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए एक उदाहरण दिया। उन्होंने पूछा कि एक कार आमतौर पर भारी क्यों होती है। उसे 3,000 किलो धातु की आवश्यकता क्यों होती है जबकि एक बाइक तुलनात्मक रूप से हल्की होती है।

### मुख्यमंत्री स्टालिन राज्यपाल और भाजपा दफ्तर को हम उड़ा देंगे

चेन्नई । तमिलनाडु में हाई प्रोफाइल हस्तियों और भवनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। शुक्रवार को मिली धमकी की वजह से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राज्यपाल और भाजपा दफ्तर को एक अज्ञात हैंडल से धमकी भरे मेल भेजे गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि यहां धमाके कर पूरे प्रदेश में दहशत फैलाई जाएगी। चेन्नई पुलिस ने संदिग्ध मेल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम बिलास यादव पुत्र रमेश यादव निवासी बी–86, रजनी विहार, बेगमपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 198/23 U/S 354/354D/506 IPC, अन्तर्गत थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम बिलास यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम बिलास यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 198/23 U/S 354/354D/506 IPC, अन्तर्गत थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राम बिलास यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री नेहा गोयल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला न्यायालय)–02
उत्तर पश्चिम, कमरा संख्या 18, भूतल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/13322/OD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सहादत खान उर्फ बंगाली** पुत्र **अब्दुल हकीम खान** पताः **ए296, गली नं. 7, जवाहर पार्क, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** और **ई44, ए–342, न्यू सीमापुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 673/2015 U/s 454/380/34 IPC, थानाः फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सहादत खान उर्फ बंगाली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सहादत खान उर्फ बंगाली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 673/2015 U/s 454/380/34 IPC, थानाः फर्श बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सहादत खान उर्फ बंगाली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
रूम नं. 38, भूतल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/13242/SHD/2025 (Court Matter)

# अब सोना बना वैश्विक अनिश्चितता का नया बैरोमीटर: मल्होत्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि शायद सोने की कीमत वैश्विक अनिश्चितताओं को दर्शाने वाले एक नए बैरोमीटर के रूप में काम कर रही है जबकि पहले कच्चा तेल ऐसा करता था।

मल्होत्रा ने वर्तमान में लगभग हर देश के वित्तीय रूप से 'काफी तनावग्रस्त' होने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा व्यापार नीति का माहौल कुछ अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने निवेशकों को सजग करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा सकती है।

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, पहले कच्चा तैल अनिश्चितताओं का बैरोमीटर

### पहले सोने की तरह तेल चाल दिखाता था

गवर्नर ने कहा-शायद अब सोने की कीमतें उसी तरह की चाल दिखा रही हैं जैसा पहले तेल दिखाया करता था। और यह वैश्विक अनिश्चितताओं का संकेतक बन रही हैं।/" मल्होत्रा ने वैश्विक आर्थिक संभावनाओं को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर अपने विचार साझा करने के साथ उन्होंने सतर्क करने के अंदाज में कहा कि शेयर बाजार में निवेशक भी कुछ ज्यादा उत्साह में लग रहे हैं।



### तेजी का नेतृत्व प्रौद्योगिकी शेयरों ने किया

वैश्विक शेयर बाजारों में अधिकांश तेजी का नेतृत्व प्रौद्योगिकी शेयरों द्वारा किए जाने की पृष्ठभूमि में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि निकट भविष्य में एक सुधार हो सकता है। शुक्रवार को हाजिर सोना बढ़कर 3,867 डॉलर प्रति औंस हो गया और लगातार सातवें हफ्ते में बढ़त पर है। बृहस्पतिवार को पीली धातु की कीमतें 3,896.9 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर से गिरकर 3,856.6 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थीं।

आरबीआई ने बुधवार को तटस्थ मौद्रिक नीति रुख के साथ रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने की घोषणा की। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अनुमान से कहीं अधिक जुझारू रही है, लेकिन भविष्य अब भी धुंधला नजर आ रहा है।

आरबीआई गवर्नर ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में कहा, /"भू-राजनीतिक तनावों की वजह से पिछले दशक में तेल की कीमतें आसमान छू सकती थीं। लेकिन इन तनावों के बावजूद वर्तमान में तेल की कीमतें बहुत सीमित दायरे में रही हैं। यह न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेल की अहमियत कम होने के कारण हो सकता है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर बंद



**मुंबई।** आयातकों की डॉलर मांग और लगातार विदेशी पूंजी निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण डॉलर बनाम रुपया अपने निचले स्तर के आसपास बना हुआ है। इसके अलावा, लगातार विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के मुद्दे के कारण भी घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

## कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में वित्त मंत्री ने कहा

# ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत डेवलप्ड इकोनॉमी बनने का पक्का इरादा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि विश्व, व्यापार एवं ऊर्जा सुरक्षा में "गंभीर असंतुलन" का सामना करने के साथ ही संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में भारत 'स्थिरता कायम करने वाली शक्ति' के रूप में सामने आया है जो बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है।

सीतारमण ने यहां कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और प्रतिबंध व शुल्क वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रहे हैं। ''ऐसे में भारत को सतर्क रहना होगा और परितोष की कोई जगह नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा, '' युद्ध एवं रणनीतिक प्रतिद्वंद्विताएं सहयोग व संघर्ष की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनकी परीक्षा हो रही है और नए गठबंधन सामने आ रहे हैं। भारत के लिए ये गतिशीलताएं, संवेदनशीलता एवं लचीलेपन दोनों को उजागर करती हैं। झटकों को सहने की हमारी क्षमता मजबूत है। साथ ही हमारी आर्थिक क्षमता भी बढ़ रही है।''

मंत्री ने 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा, '' इसलिए, हमारे सामने चुनौती केवल अनिश्चितता से नहीं बल्कि असंतुलन से निपटने की भी है। हमें खुद से सवाल करना होगा कि हम एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं जहां व्यापार निष्पक्ष हो, ऊर्जा सस्ती एवं टिकाऊ हो और जलवायु परिवर्तन से निपटने की कार्रवाई विकास की अनिवार्यताओं के अनुरूप हो...?''

## विश्व व्यापार को गंभीर असंतुलन का सामना करना पड़ रहा

### आवाज को बल मिले

सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को ऐसे विचारों पर काम करने की जरूरत है, जो कल के पदानुक्रमों के बजाय आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विकासशील देशों की आवाज नियम-निर्माण में हाशिए पर न रहे, बल्कि भविष्य को आकार देने में उनकी आवाज को बल मिले।



### मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने पर ध्यान केंद्रीत

इस संदर्भ में सीतारमण ने कहा कि स्थिरता कायम करने वाली शक्ति के रूप में भारत का उदय न तो आकस्मिक और न ही क्षणिक है...बल्कि, यह कारकों के एक शक्तिशाली संयोजन का परिणाम है। सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने राजकोषीय समेकन, पूंजीगत व्यय की गुणवत्ता में सुधार और मुद्रास्फीति के दबावों पर लगाम लगाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था तनाव का सामना कर रही

वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्तमान में बढ़ते व्यापार तनाव, उच्च शुल्क, बढ़ती वैश्विक नीति अनिश्चितता और जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही है। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कम निवेश, उच्च पूंजी लागत, अस्थिर ऊर्जा कीमतों और वृद्धि, स्थिरता एवं सतत तनाव का सामना कर रही है।

# धातु शेयरों में खरीदारी शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 224 और निफ्टी 58 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

धातु एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 224 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी 58 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक चढ़कर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,710 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,490 शेयरों में गिरावट रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। निफ्टी 57.95 अंक बढ़कर 24,894.25 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। इसके दम पर इस कारोबार सप्ताह में सेंसेक्स कुल 780.71 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाने में सफल रहा जबकि निफ्टी में 239.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की तेजी रही।

### टाटा स्टील में रही तेजी

शुक्रवार को सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। उसके बाद पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारती एयरटेल का स्थान रहा। इसके विपरीत, टेक महिंद्रा, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट का रुझान देखा गया।

### बाजार एक दायरे में रहा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एक दायरे में रहने के बाद बाजार का समापन सकारात्मक अंदाज में हुआ। इसे धातु एवं टिकाऊ उपभोक्ता शेयरों में लिवाली से समर्थन मिला। अक्टूबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की संभावना, डॉलर में कमजोरी और बुनियादी धातु की स्थिर कीमतों से धातु सूचकांक चढ़ गया।

# सोने में पांच दिनों की तेजी थमी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने में पांच दिनों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लग गया। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर में आये मामूली सुधार से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इससे पहले, बुधवार को यह 1,100 रुपये की तेजी के साथ 1,21,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने उच्चतम स्तर से 500 रुपये गिरकर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गांधी जयंती और दशहरा के मौके पर बृहस्पतिवार को स्थानीय सर्राफा बाजार बंद रहे। सोने की तरह, चांदी की कीमतें भी 500 रुपये घटकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। सर्राफा संघ ने कहा कि बुधवार को चांदी 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी।

**CHHOTU RAM POLYTECHNIC, ROHTAK**

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified that Smt. Savita Rani, Library Assistant, C.R. Polytechnic, Rohtak has been absent from her duties for a considerable period despite repeated notices and reminders. This is the last and final notice to her to report for duty within 7 days from the date of publication of this notice, failing which she shall render herself liable to strict disciplinary action as per rule.

Sd/-PRINCIPAL

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2174/न.पा.नि. / लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 03/10/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 269.40 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 176811) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धीरज ठकुरिया, पुत्र मुकेश ठकुरिया निवासी मकान नंबर 18, तीसरी मंजिल, जसोला गांव एमसीडी स्कूल, गुज्जर चौक, नई दिल्ली-110025** दूसरा पता **4/17 वेस्ट पटेल नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 36/2022 दिनांक 25.02.2022 भा.द.सं. की धारा 406/420/120बी के तहत, थाना आर्थिक अपराध शाखा, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **धीरज ठकुरिया** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **धीरज ठकुरिया** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 36/2022 दिनांक 25.02.2022 भा.द.सं. की धारा 406/420/120बी के तहत, थाना आर्थिक अपराध शाखा, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धीरज ठकुरिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री समीक्षा गुप्ता
एलडी. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी /दक्षिण-पश्चिम, कमरा नं.146
DP/13100/EOW/2025 प्रथम तल, तीस हजारी कोर्ट्स, नई दिल्ली

# रवीना टंडन और राशा थडानी ने किया अपना पहला संयुक्त ब्रांड डेब्यू

**मुंबई।** इस दीवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है। मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो दर्शाती है कि भारतीय अपने आभूषणों से कैसे बदलते रिश्ते साझा करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स के साथ उनका यह जुड़ाव इस तथ्य का उत्सव है कि आभूषण पीढ़ियों से परे जाते हैं। परिवार की धरोहरों को दिल से जोड़े रखते हुए साथ ही आज की जीवनशैली के लिए समकालीन डिजाइनों को अपनाते हैं। लॉन्च के अवसर पर गायत्री यादव, ग्रुप सीएमओ, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ने कहा, "हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है। यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियाँ बदलती हैं और कई बार पुराने डिजाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते। हमारा नया दिवाली कलेक्शन इस बदलाव का उत्सव है।



रिलायंस ज्वेल्स के नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

**थाना-एन०आई०टी०** **जिला फरीदाबाद**

**इश्तेहार तलाश गुमशुदा लडकी**



मु0नं0 174 दि० 06.09.25 धारा 127(6) BNS थाना NIT फरीदाबाद सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 06.09.25 को मुसम्मी रूशील नागवान पुत्र बबलू कुमार निवासी म०नं0 783 0-ब्लॉक गाँधी कॉलौनी फरीदाबाद ने हाजिर थाना आकर उपरोक्त मुकदमा दर्ज रजिस्टर कराया कि उसकी बहन तनीशा नागवान अर्श हॉस्पिटल सै० 78 फरीदाबाद में बतौर डॉक्टर की नौकरी करती थी जो दिनांक 05.09.25 को सुबह करीब 8:15 बजे गई ड्यूटी के लिए गई थी जो अब तक वापिस घर पर नही आई है जिसके बारे किसी प्रकार की कोई सुचना मिलने पर प्रबन्धक अफसर थाना थाना एन०आई०टी० फरीदाबाद को सूचित किया जाये।

हुलिया: चेहरा-गोल, रंग-गोरा, कद-5Ft 4inch, ऊम्र 25 साल, पहनावा कपडे सफेद कुर्ता, काली पेंट पहने हुए है

प्रबन्धक अफसर-9582200125
अनुसंधान अधिकारी-8708027900
मुदई -7678157426

हस्ता/-थाना एन०आई०टी०
जिला-फरीदाबाद
दि० 27/09/25

पीआरडीएच 1084/11/3976/2026/39228/88/7 दि. 03.10.2025

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 239/176533 | CONSTRUCTION OF EXTRA CLASS ROOM AT DUDHADHARI BAJARANG MAHILA MAHAVIDHAYALYA RAIPUR (C.G.) | रू. 199.99 लाख |
| 241/176820 | ANNUAL REPAIR WORK FOR G.A.D. BUILDING "D, E, F, G & H" TYPE AT SECTOR-17, UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.1, ATAL NAGAR NAYA RAIPUR | रू. 15.00 लाख |
| 242/176821 | ANNUAL REPAIR WORK FOR G.A.D. BUILDING DEVENARA NAGAR (I.A.S.) COLONY RAIPUR UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.1, ATAL NAGAR NAYA RAIPUR | रू. 25.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.10.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
G-252603905/3 रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने इंडियनऑयल में निदेशक (मार्केटिंग) का पद संभाला



**नई दिल्ली।** सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने इंडियनऑयल में निदेशक (विपणन) के रूप में पदभार ग्रहण किया है। उनको कंपनी में तीन दशकों से अधिक समय का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट, श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से कार्यकारी एमबीए (एक्जीक्यूटिव एमबीए) किया है। अपने करियर के दौरान उन्होने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेल्स फंकशन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होने एलपीजी व्यवसाय में भी चार वर्ष कार्य किया है। श्रीवास्तव एक कुशल कार्यकारी हैं और उन्हें व्यापक अनुभव प्राप्त है विशेषकर डाउनस्ट्रीम संचालन, विपणन और रणनीतिक। उनकी नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख होने के लिए जानी जाती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6008



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6007 का हल





**खबर संक्षेप**



## जकार्ता इंटरनेशनल दूसरे स्थान पर रहे भुल्लर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। सैंतीस साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं।

## सेंथिलकुमार, चोटरानी क्वार्टर फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित 31,250 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'चार्लोट्सविले ओपन' स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए। चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को गुरुवार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'ओपन स्क्वैश क्लासिक' में भाग लेंगे।

## यूरोपा लीग फुटबॉल लिली ने रोमा को हराया



**रोम।** रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए, जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिए गए लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है।

# 69 रन पर सिमटी साउथ अफ्रीका की टीम, इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

लिंसे स्मिथ की अगुआई में अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराकर अपने अभियान की जबर्दस्त शुरुआत की।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर आउट करके ही परिणाम लगभग तय कर दिया था। स्मिथ ने सात रन देकर तीन विकेट लिए। यह दक्षिण अफ्रीका का महिला विश्व कप इतिहास में दूसरा न्यूनतम स्कोर था। जवाब में इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एमी जोंस ने 40 और टैमी ब्यूमोंट ने 21 रन का योगदान दिया।



- महिला विश्व कप के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका का दूसरा न्यूनतम स्कोर
- इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य किया हासिल
- दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर



### दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर दबाव

तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस का विकेट झटका, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम छह ओवरों में 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी और इन झटकों से टीम उबर ही नहीं सकी। मजबूत बल्लेबाजों के लगातार आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर काफी दबाव आ गया था। टीम की बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इंग्लैंड की कप्तान साइवर ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इससे उसकी वापसी की संभावना भी खत्म हो गई।

### इंग्लैंड की स्मिथ और नेट स्किवर ने झटके 5 रन देकर 2 विकेट

*इससे पहले इंग्लैंड के लिए स्मिथ के अलावा कप्तान नेट स्किवर ब्रंट (पांच रन देकर दो विकेट), सोफी एक्लेस्टोन (19 रन देकर दो विकेट) और चार्ली डीन (14 रन देकर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर हो गई, उसके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज सिनाओ जाफ्टा (22 रन) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में ही स्मिथ को गेंद थमा दी, जिसका फल उसे तुरंत ही मिल गया। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को आउट कर दिया। फिर स्मिथ ने चौथे ओवर में टैजमिन ब्रिट्स को और छठे ओवर में अनुभवी मारिजाने काप को बोल्ड कर दिया।*

## भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति की मजबूत

# भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा, जुरेल जडेजा और राहुल ने खेली शतकीय पारी

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे।

### जुरेल ने पूरा किया टेस्ट करियर का अपना पहला शतक

चौबीस साल के जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मुकाबले में 140 रन बनाने वाले जुरेल ने 210 गेंद की पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जडेजा ने थोड़ी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अब तक 176 गेंद की पारी छह चौके और पांच बड़े छक्के लगा चुके हैं। दोनों ने दिन के दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह से हावी होते हुए पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। वह खारे पियरे की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट है।

**वेस्टइंडीज पहली पारी में 162 रन पर सिमटी**



### जुरेल ने भारतीय सेना को समर्पित किया शतक

*विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मन में हमेशा 'रणभूमि में उनके योगदान के लिए सम्मान' रहा है। जुरेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 125 रनों की शानदार पारी खेली। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तक पांच विकेट पर 448 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। उनके अनुभवी साथी लोकेश राहुल (100) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) ने भी शतक जड़े। बल्ले से अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा 24 वर्षीय जुरेल ने अर्धशतक और फिर शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने के अपने तरीके से सबका ध्यान खींचा। जुरेल के पिता भारतीय सेना में रहे है और वह कारगिल युद्ध में शामिल थे। उन्होंने अर्धशतक और शतक पूरा करने के बाद सलामी देने की मुद्रा के साथ अपने पिता और भारतीय सेना को सम्मान दिया। जुरेल ने कहा, ' अर्धशतक के बाद का जश्न मेरे पिता के लिए था और शतक के बाद का जश्न सेना के लिए। रणभूमि में वे जो करते हैं, उसके लिए मेरे मन में हमेशा उनके प्रति सम्मान रहा है।'*

### राहुल ने जड़ा अपने कॅरियर का 11वां टेस्ट शतक



इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (100 गेंदों पर 50 रन) और लोकेश राहुल (197 गेंदों पर 100 रन) व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के तुरंत बाद आउट हो गए। राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना दूसरा और करियर का 11वां टेस्ट शतक जड़ा। राहुल ने 197 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े है। घरेलू सरजमीं पर राहुल ने इससे पहले 2016 अपना पहला शतक जड़ा था। उन्होंने तब इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल वारिकन के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाए।

## प्रणय, लक्ष्य, अश्विनी ने टीम का बढ़ाया मनोबल





**गुवाहाटी।** एचएस प्रणय ने इसे 'जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर' बताया, लक्ष्य सेन ने खिलाड़ियों से घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाने की सलाह दी जबकि अश्विनी पोनप्पा ने अपने अभ्यास और कौशल पर भरोसा रखने के संदेश के साथ विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले 25 सदस्यीय भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 का आयोजन छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होगा। भारत 17 साल के लंबे अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारत ने इससे पहले 2008 में पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

**विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

## निषाद और सिमरन ने स्वर्ण पदक जीते, भारत चौथे स्थान पर पहुंचा





**नई दिल्ली।** निषाद कुमार ने ऊंची कूद और सिमरन शर्मा ने 100 मीटर दौड़ में अपना पहला विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत शुक्रवार को यहां चार पदक जीतकर चौथे स्थान पर पहुंच गया। प्रीति पाल और परदीप कुमार ने क्रमशः 200 मीटर और चक्का फेंक में कांस्य पदक जीते। इन चार पदकों की बदौलत भारत तालिका में सातवें स्थान से तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया। भारत के अब कुल छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक हैं। प्रतियोगिता में अब दो दिन बचे हैं और मेजबान टीम कोबे 2024 (जापान) में हासिल किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ 17 पदकों के प्रदर्शन को और बेहतर करने की ओर बढ़ रही है। ब्राजील 12 स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद चीन (9-16-13) और पोलैंड (8-2-5) काबिज हैं। दिल्ली की सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में 11.95 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से भारत के लिए दिन का पहला स्वर्ण जीता।

# साहिल को मिली राहत हटा अस्थायी निलंबन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी साहिल कुमार को अस्थायी लेकिन बड़ी राहत देते हुए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने डोप जांच में विफल होने के कारण उन पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है।

पैनल ने कहा कि यह उल्लंघन संभवतः डोपिंग पदार्थ से दूषित किसी उत्पाद के सेवन के कारण हुआ है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के एडीडीपी ने 1 अक्टूबर को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार अब साहिल कुमार गुरुवार से शुरू हुई 'प्राइम वॉलीबॉल लीग' के चौथे सत्र में कालीकट हीरोज के खिलाफ हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के लिए खेल सकते हैं। साहिल के नमूने इस साल 14 मई को बेंगलुरु में प्रतियोगिता से बाहर लिए गए थे, जिसमें जीडब्ल्यू 1516 (कार्डारिन), सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड ओक्सांड्रोलोन के अलावा अन्य पदार्थ पाए गए, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थों में शामिल हैं। साहिल पर 12 जून को अस्थायी निलंबन लगाया गया था। उन्होंने इस मामले में अस्थायी सुनवाई का अनुरोध किया था।

सुनवाई के दौरान साहिल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग में हिस्सा लेने के लिए तत्काल राहत की मांग की। वह अपने वकील पार्थ गोस्वामी के साथ उपस्थित थे।

*दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली बनीं तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर*

# मीराबाई चानू ने रचा इतिहास, 199 किग्रा का वजन उठाकर जीता रजत

एजेंसी ▸▸| नार्वे

भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने नार्वे के फोर्डे में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 199 किग्रा का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। अब आखिरकार इस प्रतियोगिता में उनका ये तीसरा मेडल है। वह कुंजारानी देवी और कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं।

### 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता था सिल्वर



वहीं मीराबाई आखिरी बार टोक्यो ओलंपिक में दिखी थीं, जहां उन्होंने 115 किलोग्राम का भार क्लीन एंड जर्क में उठाया था। वहां भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। उसके बाद पिछले चार सालों में वह लगातार चोट और सर्जरी से गुजर रही हैं। हालांकि, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड चैंपियनशिप के मंच पर सिल्वर मेडल जीतने के बाद वह प्लेटफॉर्म से सीधा अपने कोच विजय शर्मा के पास गईं और उनका धन्यवाद किया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी औद्योगिक सम्पदा, करनाल में सेक्टर-37 में 45 मी. चौड़े रोड के साथ-साथ प्रीकास्ट चारदिवारी की आपूर्ति व फिक्सिंग। | 03.10.2025 09.10.2025 | 12.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842221175 ia.karnal@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक सम्पदा, फेज-I और II, यमुनानगर में एक वर्ष की अवधि के लिए रो समेत रोड्स की स्वीपिंग। | 26.09.2025 13.10.2025 | 16.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829292 ia.manakpur@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक सम्पदा, फेज-I, मानकपुर, जिला यमुनानगर में एक वर्ष की अवधि के लिए रो समेत रोड्स की स्वीपिंग। | 26.09.2025 13.10.2025 | 31.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829292 ia.manakpur@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | पुराना औद्योगिक क्षेत्र, यमुनानगर में रो समेत रोड्स की स्वीपिंग। | 04.10.2025 15.10.2025 | 46.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829292 ia.manakpur@hsiidc.org.in |
| 5 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में सेक्टर-07 पर विभिन्न स्थानों पर मेन रोड की मरम्मत (पैच वर्क)। | 01.10.2025 08.10.2025 | 12.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 6 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी फरीदाबाद में 45 और 90 मीटर चौड़े रोड की सर्विस लेन्स पर फ्लेक्सीबल ओवरले का प्रावधान व बिछाना। | 08.10.2025 28.10.2025 | 797.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 7 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-7, एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में विभिन्न स्थानों पर आंतरिक सड़कों की मरम्मत (पैच वर्क)। | 01.10.2025 08.10.2025 | 11.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 8 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी मानेसर में प्लॉट नं. 36, सेक्टर-6 के सामने, असाइडिंग से प्रेम मार्केट तक रिजिड पेवमेंट सहित 15 मी. और 30 मी. चौड़े रोड की मरम्मत। | 01.10.2025 08.10.2025 | 10.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2026/160/39254/I/88/7 दि. 03.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में कपड़ा मार्केट हिसार के निकट तुलसी चौक पर स्लिप रोड्स के निर्माण द्वारा टी-जंक्शन का सुधार (तुलसी चौक के निकट पुराना एनएच-65 पर एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान) (नागरिक हस्पताल दीवार साइड रोड) (बकाया कार्य)। | 01.10.2025 06.10.2025 | 3.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में लघु सचिवालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक खण्ड का निर्माण (सम्मेलन कक्ष और वी.सी. रूम के लिए ओडियो वीडियो और एलएएन सिस्टम का प्रावधान)। | 01.10.2025 15.10.2025 | 111.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला फतेहाबाद में गांव खाबरा कलां में आवास सहित पीएचसी का निर्माण (सिक्योरिटी / स्ट्रीट लाइट्स और डीजी सैट का प्रावधान केवल)। | 01.10.2025 09.10.2025 | 9.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव लदाना चक्कू जिला कैथल में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (ई.आई. का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.10.2025 13.10.2025 | 339 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर में तेजली स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल (फुटबाल स्पोर्ट्स अकेडमी) की चारदिवारी की 5' 11.5' ऊंची और 9' मोटी स्टेगर्ड चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 01.10.2025 08.10.2025 | 18.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | कि.मी. 25.275 से 32.000 तक नोलपुर डिस्टी. की आंतरिक गाद सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.10.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | आरडी 19648 लोहारू फीडर पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण + 4 कार्य। | 27.09.2025 13.10.2025 | 535.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | पुराना न्यायालय परिसर की सभी सीवेज को जोड़ने के लिए सेप्टिक टैंक का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | 3.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज राजौंद | गांव कसान में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 2 कार्य। | 01.10.2025 08.10.2025 | 15.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज पंचकूला | गणेशपुर भोरियां - गांव गणेशपुर भोरियां, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 29.09.2025 06.10.2025 | 57.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, जीन्द | गांव भैरो खेड़ा में सब सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 01.10.2025 11.10.2025 | 184.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 98130-66477 ascojind@gmail.com |
| 12 | महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा, पंचकूला | पटौदी और सोहना ब्लॉक में गुरुग्राम जिले में सेमी ऑटोमेटेड किचन की स्थापना के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (सर्विसेज एंड गुड्स) आमंत्रण। | 04.10.2025 14.10.2025 | | https://wcdhry.gov.in | 9416654430 dd1.wcd@gmail.com |
| 13 | जिला परिषद, सोनीपत | गांव कथूरा 5550187 में उप स्वास्थ्य केन्द्र + 7 कार्य। | 29.09.2025 08.10.2025 | 376.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/260/39252/I/88/7 दि. 03.10.25




## खबर संक्षेप


### भारतीय फिल्म वाले थिएटर में लगाई आग

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो के ओकविले में एक फिल्म थिएटर में आगजनी करने की घटना सामने आई है। वहीं एक अन्य घटना में फिल्म थिएटर के दरवाजे पर गोलियां चलाई गईं। गनीमत रही कि दोनों हादसों में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। जिन थिएटर पर हमले किए गए, उनमें भारतीय फिल्मों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' और पवन कल्याण की 'ओजी' स्क्रीनिंग हो रही थी। ऐसे में आशंका है कि कनाडा में भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग को प्रभावित करने के लिए हमले किए जा रहे हैं। इन घटनाओं के पीछे खालिस्तानियों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।




### टैक्स कलेक्शन में जैन समाज का 24% योगदान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में जैन समुदाय की आबादी महज 0.5 फीसदी है, लेकिन कुल टैक्स कलेक्शन में उनका योगदान 24 फीसदी के बराबर है। उन्होंने यहां तीन दिवसीय कार्यक्रम 'जीतो (जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन) कनेक्ट 2025' के उद्घाटन सत्र में कहा कि जैन समुदाय को दुनिया में एक मेहनती और समृद्ध समाज माना जाता है। जैन समुदाय का दर्शन भारतीय संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है तथा इसका इतिहास भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा में एक अनमोल अध्याय है।



## सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी की पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी...

# इतिहास-भूगोल में बने रहना है तो आतंकवाद बंद करो, अब कोई संयम नहीं बरतेगा भारत

भारत ने 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए जिसमें 7 सेना ने और 2 वायुसेना ने मटियामेट किया

हमारा लक्ष्य सिर्फ आतंकी, पाकिस्तान की आम-जनता से हमें कोई परेशानी नहीं है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को चारों खाने चित करने वाली भारतीय सशस्त्र सेनाओं के हौसले बुलंद हैं। इसका साक्षात प्रमाण शुक्रवार को सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपने एक भाषण से पेश किया है। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को बेहद आक्रामक अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसे विश्व मानचित्र के इतिहास और भूगोल में बने रहना है तो भारत के खिलाफ अपनी जमीन से जारी राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बंद करना पड़ेगा। ऐसा करने में नाकाम रहने पर अब भारत ऑपरेशन 2.0 में अपने पड़ोसी दुश्मन देश के खिलाफ कोई संयम नहीं बरतेगा। यह जानकारी जनरल द्विवेदी ने अग्रिम सैन्य क्षेत्रों और राजस्थान के बीकानेर सैन्य स्टेशन का दौरा करने के बाद जवानों को संबोधित करते हुए दी है।

यहां बता दें कि सेनाप्रमुख का ये बयान बीते गुरुवार को विजयदशमी के मौके पर गुजरात के भुज सैन्य ठिकाने से जवानों को संबोधित करते हुए दिए गए रक्षा मंत्री के बयान से काफी मिलता-जुलता है। जिसमें राजनाथ सिंह ने सरक्रीक के संबंध में पाक को चेतावनी देते हुए कहा था कि इलाके में कोई हिमाकत की तो भारत की जवाबी कार्रवाई ऐसी होगी कि उसका इतिहास संग भूगोल बदल जाएगा। यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष 26 लोगों के जवाब में भारतीय सेना, वायुसेना ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें पाक और पीओके में मौजूद 9 आतंकी अड्डों को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया। इस दौरान पाकिस्तान के पाले-पोसे हुए 100 से अधिक आतंकी मार गिराए गए। वर्तमान में भी भारत की आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति जारी है।

### मुस्तैदी संग तैयार रहें जवान



बीकानेर में सेनाप्रमुख ने बल की युद्धक तैयारियों और तकनीकी क्षमताओं का व्यापक रूप से जायजा लिया। साथ ही भविष्य के किसी भी सैन्य संघर्ष के संबंध में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को दोहराया नहीं जाएगा। लेकिन भारतीय सैनिकों को हमेशा कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए। अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही हमें अवसर मिलेगा। मौजूदा समय में भारत एक देश के रूप में पूरी तरह से तैयार है। मैं यहां ऑपरेशन 2.0 की बात कर रहा हूं। ऑपरेशन 1.0 में हमने जिस तरह का संयम दिखाया था। आगे पाकिस्तान को ऐसी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। अगर अब भी वो नहीं सुधरा तो हम दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का इतिहास और भूगोल दोनों बदल देंगे।

### दुनिया के सामने रखे पूरे प्रमाण

सेनाप्रमुख के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में पूरा देश एकजुट था और उससे पहले 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत को पूरी दुनिया का समर्थन मिला है। हमने विश्व भर के देशों को पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों की मौजूदगी के सबूत दिए हैं। भारत ने कोई साक्ष्य नहीं छिपाया। लेकिन यह पाकिस्तान ही है। जिसने तथ्यों को कभी स्वीकार नहीं किया और उन्हें हमेशा दबाया, छिपाया है। भारतीय सेनाओं ने इस सैन्य अभियान के दौरान 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। जिसमें से 7 को सेना ने और 2 को वायुसेना ने मटियामेट किया। उन्होंने बताया कि हमारे सैन्य अभियान के बाद पाकिस्तान ने शुरुआत में कहा था कि उसके यहां 35 से 40 मौतें हुई हैं। लेकिन 14 अगस्त को गलती से ही सही पाकिस्तान ने 100 से ज्यादा सैन्यकर्मियों की मौत की एक सूची जारी कर दी थी।

### हमारा निशाना केवल आतंकवादी थे


उन्होंने कहा कि हमने लक्ष्यों की पहचान की थी। क्योंकि हम केवल आतंकवादियों को ही नुकसान पहुंचाना चाहते थे। साथ ही भारत ने एयरबेसों पर स्ट्राइक की। पाकिस्तान की आम-जनता से हमें कोई परेशानी नहीं है। क्योंकि उनका देश आतंकवादियों को भारत में हमले करने के लिए बढ़ावा नहीं देता है यानी यह सब कुछ उनके द्वारा प्रायोजित नहीं है। इसमें केवल आतंकियों की ही भूमिका है। क्योंकि उन्हें ही पाक द्वारा भारत पर हमला करने के लिए भेजा जाता है और इन्हें व इनके ठिकानों को ही हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चकनाचूर किया।

### सीमा पर रहने वाले लोग भी सैनिक

*उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के करीब रहने वाले लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सेना इन इलाकों में रहने वाली आबादी को आम नागरिक आबादी नहीं मानती है। हम उन्हें जवानों के रूप में देखते हैं। इसके मायने ये हैं कि यह सभी लोग युद्ध में हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। यहां ये महत्वपूर्ण है क्योंकि आगामी संघर्ष राष्ट्र का संघर्ष है। ये केवल सेना का नहीं है। उन्होंने 1965 और 1971 के युद्ध में भी सीमाई इलाकों में रहने वाले आम नागरिकों के योगदान को याद किया। इसके अलावा कहा कि वह कंधे से कंधा मिलाकर सेना के साथ डटे रहे हैं। हम भविष्य में भी सभी के साथ जुड़ना चाहेंगे। मैं सभी आमजन के जज्बे के लिए उनका धन्यवाद देना चाहता हूं। जिससे हमारे जवानों का भी मनोबल बढ़ता है।*

## पाक ने गाजा सीजफायर प्लान नकारा

# विदेश मंत्री डार बोले- ट्रंप ने ड्राफ्ट में बदलाव किया, मेरे पास अहम सबूत



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने गाजा में सीजफायर से जुड़े ट्रंप के प्लान को नकार दिया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि ट्रंप का गाजा सीजफायर प्लान मुस्लिम देशों के ड्राफ्ट जैसा नहीं है। डार ने बताया कि इस्लामिक देशों ने 22 सितंबर को ट्रंप के साथ हुई बैठक में गाजा से पूरी तरह से इजराइल की वापसी का प्रस्ताव रखा था। जबकि ट्रंप के प्लान में सिर्फ सैनिकों की आंशिक वापसी का प्रावधान है, ताकि हमास के कब्जे में बचे हुए बंधकों को रिहा किया जा सके। डार ने संसद में कहा कि ट्रंप का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है।

### आठ इस्लामिक देशों ने किया स्वागत

पाकिस्तान समेत आठ इस्लामिक देशों मिस्र, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात ने एक संयुक्त बयान जारी कर ट्रंप के प्रस्ताव का स्वागत किया था। इन देशों के विदेश मंत्रियों की तरफ से जारी इस बयान में कहा गया था कि वे ट्रंप के नेतृत्व और युद्ध खत्म करने के उनके ईमानदार प्रयासों में विश्वास रखते हैं। इनके अलावा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप के इस प्लान का स्वागत किया था। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने इन सभी नेताओं के बयानों को अपनी वेबसाइट पर भी पोस्ट किया है।

### गाजा को चलाने अस्थाई बोर्ड के अध्यक्ष होंगे ट्रंप

ट्रंप के प्लान के अनुसार इजराइल और हमास के बीच सहमति बनी तो गाजा में युद्ध तुरंत खत्म होगा। सहमति से इजराइल अपनी सेनाओं को धीरे-धीरे गाजा से निकाल लेगा। हमास 72 घंटे में सभी इजराइली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें जिंदा और मृत दोनों होंगे। युद्ध खत्म होने पर इजराइल, गाजा के उम्रकैद की सजा काट रहे 250 लोगों और अन्य 1700 कैदियों को छोड़ देगा। हर मृत इजराइली कैदी के बदले 15 मृत फिलिस्तीनी कैदियों के शव लौटाए जाएंगे। गाजा से हमास के सारे ठिकाने और हथियार हटाए जाएंगे। हमास और अन्य लड़ाके गाजा की सरकार में हिस्सा नहीं लेंगे। गाजा के लिए एक अस्थाई तकनीकी समिति बनाई जाएगी, जिसमें योग्य लोग होंगे। इस बोर्ड की अध्यक्षता ट्रंप करेंगे, इसमें टोनी ब्लेयर और अन्य देशों के नेता शामिल होंगे। बोर्ड गाजा के विकास और सुधार की योजना बनाएगा और उसका खर्च उठाएगा। गाजा को तुरंत पर्याप्त मदद दी जाएगी। गाजा में खास व्यापारिक क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे रोजगार बढ़ेगा। किसी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा; जो चाहे जा सकता है और लौट सकता है। एक अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल गाजा में सुरक्षा बनाए रखेगा।

## सिंगापुर के पीएम वोंग से मिले मंत्री पीयूष गोयल

# एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर हुई बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ने के लिए एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर बातचीत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, साथ ही भविष्य में विकास की गति को बढ़ाने पर चर्चा की गई है। वोंग ने जवाब देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने से लेकर एआई जैसी उभरती तकनीक तक हमारी आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर अच्छी चर्चा हुई।

### विमानन क्षेत्र को देंगे बढ़ावा

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईएईसी) के सीईओ चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की और विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक में भारत के बढ़ते एयरोस्पेस इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट में साझेदारी के नए रास्ते तलाशे गए।



### वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटर क्षेत्र में देंगे ध्यान

केंद्रीय मंत्री ने कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी से भी मुलाकात की। चर्चा भारत में सतत शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार (विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटरों के क्षेत्र में) को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने बताया कि रणनीतिक सहयोग के माध्यम से भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की गई।

## सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला

# सिंगापुर ने भारत को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दी संगीतकार शेखर-सिंगर अमृतप्रभा अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर पुलिस ने भारतीय हाई कमीशन को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी है। भारत की तरफ से इसकी मांग की गई थी। इसके अलावा सिंगापुर पुलिस ने जनता को सलाह दी कि वे गायक के सम्मान में, उनकी मृत्यु की परिस्थितियों से संबंधित कोई भी वीडियो या चित्र साझा न करें। 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान जुबीन की मौत हो गई थी। असम पुलिस ने सिंगर जुबीन गर्ग की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और सिंगर अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है।



गोस्वामी और अमृतप्रभा, जुबीन की म्यूजिक टीम का हिस्सा थे। घटना के वक्त दोनों सिंगापुर में थे और मौके पर मौजूद थे। गोस्वामी और अमृतप्रभा को पूछताछ के लिए बुलाया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब तक 4 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं, असम पुलिस ने मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय एसआईटी बनाई है। डीजीपी गुप्ता ने कहा कि टीम सिंगापुर जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी।

## कश्मीर घाटी में मौसम की पहली बर्फबारी



**श्रीनगर।** बर्फबारी के साथ धरती की जन्नत कश्मीर में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मौसम की पहली बर्फबारी ने कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों अनंतनाग के सिंथन टॉप और गुलमर्ग की प्रतिष्ठित अफ़रवत चोटी को रातोंरात ढक दिया, जिससे उत्तरी कश्मीर का यह प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एक शांत शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में और बर्फबारी होने की संभावना है। श्रीनगर और उसके आसपास के इलाकों सहित मैदानी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अनंतनाग-पहलगाम, कुलगाम, सिंथन पास, शोपियां, पीर की गली, सोनमर्ग-जोजिला, बांदीपोरा-रजदान पास, गुलमर्ग और कुपवाड़ा-साधना पास में मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर बोले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस

# विश्व में बढ़ते तनाव के बीच गांधी के मार्ग का अनुसरण जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि विश्व में बढ़ते तनाव के बीच गांधीजी का शांति का संदेश नए सिरे से प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने वैश्विक समुदाय से मतभेदों को दूर करने और कूटनीति को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी के मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने यह संदेश गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा दो अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष स्मृति समारोह के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हम महात्मा गांधी के जीवन और विरासत और सभी के लिए शांति, सत्य और सम्मान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। गांधी ने न केवल इन आदर्शों की बात की, बल्कि उन्हें जीया भी। बढ़ते तनाव और गहराते विभाजन के इस समय में उनका संदेश नए सिरे से जरूरी है।

गांधी ने आदर्शों की सिर्फ बात नहीं की बल्कि जिया भी

नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे, संवाद की जगह हिंसा ने ली

### शांति की नींव खतरे में




उन्होंने कहा कि हिंसा संवाद की जगह ले रही है, नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया जा रहा है, मानवाधिकारों को कुचला जा रहा है और शांति की नींव खतरे में है।

### गेट्स फाउंडेशन ने मनाई गांधी जयंती

### गेट्स बोले- महात्मा गांधी के आदर्श हमारे कार्य का आधार

अमेरिका के सिएटल में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में गांधी जयंती मनाई। कार्यक्रम में गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स के साथ-साथ वाशिंगटन राज्य और सिएटल शहर की सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान बिल गेट्स ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि हम महात्मा गांधी की जयंती पर एक साथ आ रहे हैं। उनके आदर्श, हर व्यक्ति की समानता और गरिमा, हमारे काम का आधार हैं। आज, भारत नवाचार में एक वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है और ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन को बचाने और बेहतर बनाने की क्षमता वाले समाधानों का जिम्मा उठा रहा है। हम विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा में उसके साथ साझेदारी जारी रखने के लिए तत्पर हैं।



## पीएम मोदी को लिखा था पत्र

# सिख जत्था पाक जाएगा, सरकार ने दी मंजूरी, एसजीपीसी ने कहा थैंक्स

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारत सरकार ने सिख जत्थे को पाकिस्तान जाने की मंजूरी दे दी है। जत्था नवंबर में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने वाला है। इस फैसले का स्वागत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने किया है और अब उन्होंने सरकार से अपील की है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी खोल दिया जाए। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम उनके आभारी हैं कि उन्होंने अनुमति दी। सिख हमेशा पाकिस्तान जाकर तीर्थयात्रा करना चाहते हैं और गुरु नानक देव जी का



जन्मदिवस मनाना चाहते हैं। पहले जब अनुमति नहीं मिली थी तो हम निराश थे लेकिन अब राहत मिली है। धामी ने बताया कि एसजीपीसी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पहले ही पत्र लिखकर जत्थे को अनुमति देने का अनुरोध किया था। अब उन्होंने सरकार से अपील की है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी खोला जाए जो हाल ही में भारत-पाक सीमा तनाव के कारण बंद था। जत्था अब पाकिस्तान के ननकाना साहिब जा सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109